16.04 hrs.

DISCUSSION UNDER RULE 193

Atrocities on Dalits in various parts of the Country

Title: Regarding atrocities on dalits in various parts of the country. (Not concluded)

श्री राम विलास पासवान (हाजीपुर) : सभापति जी, मैं चेयर का धन्यवाद करता हूं कि इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर विचार-विमर्श करने का मुझे मौका दिया है। यह मामला काफी दिनों से लम्बित चल रहा था और आज समय मिला है लेकिन बहुत कम समय मिला है। पिछली बार जब डिस्कशन रखा गया था तो दोपहर दो बजे से सांय 6 बजे तक के लिए या सदन उठने तक के लिए रखा गया था। लेकिन उसमें भी आपत्ति हुई थी।

उस समय कहा गया था कि ठीक प्रश्नकाल के बाद इसको लिया जाएगा, लेकिन आज हम लोग चार बजे इस विाय पर चर्चा शुरु कर रहे हैं। मैं सर्वप्रथम दलितों से संबंधित मुद्दे पर चर्चा शुरु करने से पहले बाबासाहिब अम्बेडकर, जो संविधान के निर्माता थे, ने 26 नवम्बर, 1949 को संविधान सभा में जो भााण दिया था, उसके कुछ अंश मैं पढ़ कर सुनाना चाहता हूं। उन्होंने कहा था -

> "हमें अपने राजनीतिक लोकतन्त्र को एक सामाजिक लोकतन्त्र भी बनाना चाहिए। सामाजिक लोकतन्त्र का अर्थ क्या है? इसका अर्थ यह है कि एक ऐसी जीवन पद्धति जो समानता, स्वतन्त्रता और भाईचारे से जीवन के सिद्धान्त को मानती है। स्वतन्त्रता, समानता और भाईचारे के सिद्धान्त को त्रिमिति की अलग-अलग मदें नही समझना चाहिए। स्वतन्त्रता के बिना समानता से व्यक्ति की पहल करने की भावना समाप्त हो जाएगी। वे इस अर्थ में तीन धाराओं का संगम है कि उन्हें एक दूसरे से अलग करने का मतलब है -
>
> लोकतन्त्र के प्रयोजन को समाप्त करना। स्वतन्त्रता को समानता से और समानता को स्वतन्तत्रता से अलग नहीं किया जा सकता है। स्वतन्त्रता एवं समानता को भाईचारे से भी अलग नहीं किया जा सकता है। समानता के बिना स्वतन्त्रता से कुछ व्यक्तियों का प्रभुत्व शेा बहुत से लोगों पर हो जाएगा, स्वतन्त्रता के बिना समानता से व्यक्ति की पहल करने की क्षमता समाप्त हो जाएगी। भाईचारे के बिना स्वतन्त्रता और समानता सहस्वाभाविक वस्तुयें नहीं बन सकती हैं। उन्हें लागू करने के लिए किसी सिपाही की जरूरत होगी। हमें यह मानकर चलना चाहिए कि भारतीय समाज में दो चीजों का बिलकुल अभाव है। इनमें से एक है समानता और दूसरा है सामाजिक स्तर पर भारत में हमारे समाज विभिन्न स्तरों की असमानता के सिद्धान्त पर आधारित हैं और जिसका अर्थ यह है कि कुछ लोगों का स्थान ऊंचा है और अन्य का नीचा । आर्थिक स्तर पर हमारे समाज में कुछ लोग ऐसे हैं, जिनके पास अथाह धन-सम्पत्ति है और इसके विपरीत बहुत से लोग घोर दरिद्रता में जीवन-यापन करते हैं।"

16.07 hrs. (Shri Devendra Prasad Yadav in the Chair)

महोदय, अगला वाक्य बहुत महत्वपूर्ण है।

> "26 जनवरी, 1950 को हम परस्पर विरोधी समाज के जीवन में प्रवेश करने जा रहे हैं। राजनीति में हमें समानता उपलब्ध होगी और सामाजिक और आर्थिक जीवन में असमानता। राजनीति में हम एक व्यक्ति एक मत (वोट) और एक मूल्य के सिद्धान्त को स्वीकारकरेंगे। हमारे सामाजिक और आर्थिक जीवन में हम, अपने सामाजिक और आर्थिक ढांचे के कारण, एक व्यक्ति एकमूल्य के सिद्धान्त को नकारते रहेंगे। हम कितनी देर तक परस्पर-विरोधों का यह जीवन जीते रहेंगे।"

मैं आपके माध्यम से एक बात कहना चाहता हूं। मुझे खुशी है कि 25 जुलाई को लोक सभा में ध्यानार्काण प्रस्ताव पर इस विाय पर चर्चा होने वाली थी, उस चर्चा को सदन की मांग पर पूर्ण चर्चा में बदल दिया गया। उस दिन मंत्री जी की तरफ से जो वक्तव्य दिया गया था, उसको मैंने पढ़ा है। हम लोगों का मुख्य मुद्दा है - दलितों के ऊपर जुल्म और अत्याचार । मैं डिटेल में नहीं जाऊंगा, क्योंकि सरकार के पास पूरे आंकड़े हैं। जो प्रश्न पूछे गए थे, उसके जवाब सरकार के पास है। लेकिन जो चार-पांच मुद्दे उठे थे, जिन पर कालिंग एटेंशन स्वीकृत हुआ था, उसमें एक मुद्दा झज्जर का था। सदन में डिप्टी प्राइम मिनिस्टर उपस्थित हैं और गृह मंत्री भी हैं। मुझे इस बात की खुशी है कि दलितों के ऊपर जुल्म और अत्याचार का जब मामला आता है, तो उसकी जवाबदेही गृह मत्रालय की देखरेख में होती है, जिससे वह मुद्दा बहुत ही गम्भीरता से लिया जा सके।

मैं आग्रह करना चाहता हूं कि आजादी के 56 वर्ा गुजर गए। हम 57वें साल में जा रहे हैं। यह कोई आज सोच भी नहीं सकता और मैं एक बात साफ कर दूं जब हम यह मुद्दा संसद में उठाते हैं.तो यह कोई पार्टी का मामला नहीं है, न किसी स्टेट का मामला है और न ही केवल एक सरकार का मामला है। यह मुद्दा इसलिए बार-बार उठाते हैं कि हरेक पक्ष के लोग इस चर्चा में शामिल होते हैं और पार्टी पॉलिटिक्स से ऊपर उठ कर कहते हैं कि देश पर जो कलंक है, वह मिटे।

उप-प्रधान मंत्री, इससे ज्यादा शर्म की बात क्या हो सकती है कि यहां से मुश्किल से 30 से 40 किलोमीटर की दूरी पर झज्जर है। हरियाणा प्रान्त है। वहां एक परसैंट नहीं, दो परसैंट नहीं, 24 परसैंट दलित वर्ग के लोग हैं। वे बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश या देश के दूसरे भागों से ज्यादा सुखी-सम्पन्न हैं। वहां दशहरे के दिन शाम को चार बजे थाने से मुश्किल से सौ गज की दूरी पर पांच दलितों को जिन्दा जला कर मार दिया गया और यह कह कर मार दिया गया कि यह गाय की खाल खींच रहे थे। जब हम सांसद वहां गए तो पूछा कि गाय कहां है? न कहीं गाय थी, न कहीं एफआईआर दर्ज की गई थी। वहां कुछ नहीं हुआ। उन्हें थाने में मार दिया गया। आपने जवाब में क्या लिखा? इस बारे में गृह राज्य मंत्री का जवाब आया है। उसके जवाब में लिखा है कि हरियाणा सरकार ने सूचित किया है कि झज्जर में 15 अक्तूबर 2002 को पांच दलितों को मारने के संबंध में इन आपराधिक मामलों में जांच करने के लिए एक विशेा जांच-पड़ताल दल गठित किया गया था। जांच कौन कर रहे थे? रोहतक के डिविजनल कमिश्नर ने घटना की मैजिस्टीरियल जांच की। कमिश्नर की रिपोर्ट को सरकार ने स्वीकार कर लिया और उस पर कार्रवाई की गई। घटना के लिए जिम्मेदार सभी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि झज्जर की घटना गलतफहमी के कारण हुई कि खुले-आम गाय की हत्या की जा रही है। अध्यक्ष जी, 15 तारीख की घटना है। 16 तारीख को हम लोग पहुंचे और उसी दिन वहां के मुख्यमंत्री का वक्तव्य आया कि लोगों ने गाय को मार दिया। पांच लोगों की हत्या इसलिए हुई कि लोगों को गलतफहमी हुई कि इन लोगों ने गाय की हत्या की।

16.13 hrs. (Mr. Speaker in the Chair)

अध्यक्ष महोदय, हत्या कहां होती है? हत्या थाने में होती है। हत्या का क्या कारण है? पांच लोग जा रहे थे और उनके पास पैसा था। वे अच्छे व्यापारी वर्ग के शेडयूल्

कास्ट के लोग थे। वे चमड़े का व्यापार करते थे। उन्हें पुलिस द्वारा स्टेशन के नजदीक रोका गया और पैसा मांगा गया। पैसा नहीं दिया गया। वे उन्हें थाने के भीतर ले गए, पूछा कि कितना पैसा है। कैलाश ठेकेदार ने कहा कि साठ हजार रुपए हैं। कहा कि इसमें से कमीशन दो। नहीं देने पर दो को वहीं मार दिया। तीन लोग बचे पुलिस ने सोचा कि उसके बाद हल्ला हो जाएगा, टेलीफोन करके कह दिया कि यह लोग गाय को मारने के लिए आए हैं। वहां कोई स्वामी परमहंस हैं। वह लोगों को लेकर आए। आने के बाद पांचों लोगों को जिन्दा जला दिया गया । पुलिस की कस्टोडी में, जिस पुलिस के पास राइफल्स हैं, हथियार हैं, उनको थाने में से निकाल कर कैसे जिन्दा जला दिया गया। एक हजार नहीं दस हजार लोगों की भीड़ दिखायी गई। वहां एक फूल भी नहीं टूटा लेकिन यह सारी घटना हो गई। मैं जानना चाहता हूं कि आज की डेट में क्या है? आज की तारीख में एक भी आदमी जेल में नहीं है। पब्लिक की बात छोड़िए, एक पुलिस का कर्मचारी जेल में नहीं है। देश में कानून और व्यवस्था को लेकर नक्सलाइट की चर्चा होती है। हम डीडीटी से मच्छरों को मार सकते हैं । लेकिन जब तक गंदे नाले की सफाई नहीं होगी, मच्छरों का पैदा होना बंद नहीं होगा। पांच-पांच लोग दिल्ली के बगल में झज्जर में मारे गए। संसद में एक बार नहीं दस बार यह मामला उठ चुका है। जब हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग हो रही थी तो लोग रोड जाम कर रहे थे और कह रहे थे गाय हमारी माता है, गाय मारने वालों को मौत की सजा ठीक थी । (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, इसलिये मैं आपसे कहना चाहता हूं कि सरकार बताये कि जिन लोगों द्वारा पांच दलितों की हत्या की गई थी, उनके खिलाफ कौन-कौन सी दफा लगाई गई है, क्या कार्यवाही की गई है और कितने लोग जेल में बंद हैं अन्यथा इसका मतलब यह होगा कि पुलिस ने जो काम किया है, वह सरकार से मिली हुई है और उसके बाद किसी आदमी को सजा होने वाली नहीं है।

अध्यक्ष जी, दूसरी घटना हरियाणा के कैथल जिले की है जहां 200 आदमी गांव छोड़कर भाग गये। हमारी पार्टी के श्री राम चन्द्र पासवान तथा दूसरे लोग गये थे। अभी तक वे 200 लोग भागे हुये हैं। इसके अलावा एक घटना पंजाब में तेलहण गांव की है। वहां एक गुरुद्वारा का मामला था। हम लोगों ने साइकिल मार्च भी किया । सरकार इस मामले में, चाहे जो कहे लेकिन हम मानते हैं कि चाहे सिक्ख हो, चाहे मुसलमान हो या ईसाई हो, उनमें अधिकांश दलित और पिछड़े वर्ग के लोगों को कहीं न कहीं यह लगता है कि उनके साथ अन्याय हो रहा है और वे विवश होकर धर्म परिवर्तन करते हैं। उक्त गांव की 5 हजार की आबादी है जहां 70 प्रतिशत लोग दलित हैं। उस गांव में बाबा निहाल सिंह की मजार है जहां देश-विदेश से लोग आते हैं। कुछ लोगों ने जाकर गुरुद्वारा बना दिया और लोग श्रद्धा से चढ़ावा लाते हैं। वह चढ़ावा 4-5 करोड़ रुपये का सालाना आता है। सरकार के पास आंकड़े होंगे और वह उत्तर में बतायेंगी कि कितना चढ़ावा आता है? गांव के 70 प्रतिशत दलितों ने मांग की कि उस गुरुद्वारा की मैनजमेंट कमेटी में उन्हें जगह दी जानी चाहिये लेकिन उन्हें कहा गया कि जगह नहीं दी जायेगी। इस झगड़े में संत रविदास की फोटो को उठाकर फैंक दिया गया। मामला बढ़ गया, पुलिस ने रास्ता जाम होने पर गोली चलाई जिसमें एक आदमी मारा गया। तब दलित एक्शन कमेटी बनी। उसके साथ समझौता हुआ। मैं वहां के मुख्य मंत्री कैप्टन अमरिन्दर सिंह को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने यह समझौता करवाया। दलित वर्ग के लोग सुप्रीम कोर्ट गये और सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि मैनेजमेंट कमेटी में हर वर्ग को प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिये। लेकिन आज तक मैनेजमेंट कमेटी में दलित लोगों को स्थान नहीं दिया गया है।

सरदार सिमरनजीत सिंह मान (संगरूर) : यह हो गया है।

श्री राम विलास पासवान : लेकिन जहां तक मुझे जानकारी है, वहां दो कमेटीज हैं - मैनेजमेंट कमेटी और सेवादार कमेटी। सेवादार कमेटी में दो लोगों को तो लगा दिया गया है लेकिन मैनेजमेंट कमेटी में अभी तक स्थान नहीं दिया गया है। यदि दिया गया होगा तो मैं पंजाब के मुख्यमंत्री को धन्यवाद देना चाहूंगा। लेकिन मेरी जानकारी के अनुसार दलित लोगों को मैनेजमेंट कमेटी में स्थान नहीं दिया गया है।

अध्यक्ष महोदय, दोनों पक्षों के जो लोग जेल में बंद हैं, उनके लिये समझौता किया गया कि उनके खिलाफ मुकदमा वापस होगा। वहां हिन्दू-सिक्ख का मामला नहीं है, यह सिक्खों का आपस का मामला है। कोई जात-पात का मामला नहीं है। सिक्ख धर्म में लिखा है कि सरबत दा भला। कोई मज़हब का मसला नहीं है। बजाय इसके कि मैं मांग करूं, सिक्ख धर्म के लोगों की जवाबदेही होनी चाहिये। इस मामले को सुलझाने की कोशिश की जाये, यह हमारी मांग है। जहां तक गुरुद्वारा की बात है, वहां जो भी धर्म के लोग हों, उन्हें बराबर का प्रतिनिधित्व मिलना चाहिये। चूंकि वहां के मुख्य मंत्री ने समझौता किया है, यह सरकार का दायित्व बनता है कि वहां जिस वर्ग के लोग हों, उन्हें उचित स्थान देने का काम करे।

अध्यक्ष जी, मैंने बिहार का मामला भी इस सदन में उठाया था। बिहार में हमारी पार्टी के श्री देवन पासवान, जो जिला दलित सेना के अध्यक्ष हैं, उनके परिवार के चार सदस्यों की हत्या कर दी गई। सरकार ने अपने जवाब में लिखा कि जनवरी, 2003 को तीन दलितों की हत्या का समाचार मिला। गया जिले के फतेहपुर प्रखंड में लक्ष्मीपुर गांव की मैं बात कर रहा हूं, मैं उन जगहों की बात कर रहा हूं, जहां मैं स्वयं गया हूं। जहां मैं नहीं गया, वहां की बात मैं कभी नहीं कहता। 1 नवम्बर, 2002 को देवन पासवान, जो दलित सेना का जिला अध्यक्ष है, पांच हजार रुपये घर बनाने के लिए मांगे गये। उसने कहा मैं गरीब आदमी हूं, पैसा कहां से दूंगा। उसके बाद शाम को पांच बजे उसके मां-बाप, उसकी पत्नी, उसकी भाभी की हत्या कर दी गई। उसी गया जिले में कोच प्रखंड के दिग्घी ग्राम, टोला नथुनी बिगहा का कारू पासवान और राम की लाश वहां पहुंच गई। उसी जिला में ग्राम सैदपुर है। हमारे पास ढेर चिट्ठियां आई हैं। मैं उन पर कार्रवाई करने के लिए गृह मंत्री जी के पास भेज दूंगा। सैदपुर ग्राम में थाना बजीरगंज हैं, वहां रिक्शा चालक केदार पासवान के हाथ-पांव तोड़ दिये गये। संजय पासवान, जिसने गया में वार्ड कमिश्नर का चुनाव लड़ा था, उसके ऊपर बम फेंका गया। मेरे पास दो दिन पहले चिठ्ठी आई है, यह पूर्णिया जिले के ग्राम भिखना से है, इसमें लिखा है कि रुपौली थाना, ग्राम भिगना में नूतन कुमारी, पिता बुटल राम, उम्र 16 वर्ा की 27 फरवरी, 2003 को दिन में तीन बजे बलात्कार के बाद गोली मार दी गई। ये सारी घटनाएं हैं।

उत्तर प्रदेश के बारे में कहा जाता है कि वहां दलित की बेटी राज कर रही है। मैं गृह मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि प्रिवैन्शन ऑफ एट्रोसिटीज एक्ट इस पार्लियामैन्ट के द्वारा बनाया गया था और यह एक्ट 1989 में बना था। उस समय श्री वी.पी.सिंह की सरकार थी और मैं जटिया जी के स्थान पर कल्याण मंत्री के रूप में वहां बैठा हुआ था। उसी समय से प्रिवैन्शन ऑफ एट्रोसिटीज एक्ट लागू है। लेकिन प्रिवैन्शन ऑफ एट्रोसिटीज एक्ट उत्तर प्रदेश में लागू नहीं है। कहा गया कि जो सिर्फ रेप और मर्डर के केस हैं(व्यवधान) मैं आपकी बात से सहमत हूं लेकिन 1989 में जब मैं आया था, नोटिफिकेशन किया था। पूरे देश में यह लागू है, लेकिन उत्तर प्रदेश में लागू नहीं है। सिर्फ मर्डर और रेप केस में लागू है। मर्डर और रेप में कोई जाति, किसी धर्म का कोई भी मारा जायेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। मैं जानना चाहता हूं कि क्या उत्तर प्रदेश में नियम को सस्पैंड कर दिया गया है। यदि नहीं किया गया है तो मंत्री महोदय जवाब देंगे। लेकिन जहां तक हमें मालूम है, मेरे पास कागज हैं, यदि कहेंगे तो मैं भेज दूंगा। बाद में उसे वापिस ले लिया गया तो अलग बात है। लेकिन सस्पैंड करके रखा गया है। उसी तरह से मेरे पास आपने जवाब में तीन-चार जगहों का नाम दिया है। जवाब में आपने कहा है कि उत्तर प्रदेश के संबंध में मेरठ, शाहजहांपुर और महाराजगंज में अत्याचार की कुछ घटनाओं की सूचना प्राप्त हुई हैं और सभी मामलो में अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। मेरे पास प्रैस की बहुत की कटिंग्स हैं। मऊ जिलें में ग्राम तेजोपुर में भूमि विवाद में 70 दलितों को घायल कर दिया गया। मेरठ जिला है, वहां मवाना तहसील में ग्राम खर खाली, खानपुर गढ़ी और महमूदाबाद गांव हैं। वहां आज नहीं बल्कि 27.4.1989 को 191 आदमियों को जमीन का पर्चा मिला। उसके बाद मुख्य सचिव, मेरठ के आयुक्त इन सबके लिखने के बावजूद वहां के तहसीलदार ने उन लोगों की जमीन को खारिज कर दिया।

इसी तरह से मेरे पास आया है कि सिकन्दराबाद गांव में 16 तारीख को बलात्कार के बाद बालिका के हाथ-पांव बाधकर कीचड़ में फेंक दिया गया। बालिका का शव गंदे तालाब में मिला। दबंगों ने नाबालिग सुनीता को गर्भवती बनाया। मुजफ्फरनगर में बालिका के साथ सामूहिक बलात्कार। एक महिला का अपहरण कर सामूहिक दुराचार मुजफ्फरनगर में किया गया। मेरे पास यह सारा विवरण है। कोई जिला ऐसा नहीं है, जहां ऐसा कुछ न हुआ हो। हैदरगढ़ में ऐसा हुआ है। मेरे पास जनसत्ता पेपर की कापी है, उसमें लिखा है संसद में गूंजेगा दलित महिला के साथ दुकर्म का मामला। सो रही दलित महिला की गोली मारकर हत्या। दुराचार के बाद बालिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या की। बलात्कार करके दलित को कुएं में फेंककर हत्या। यह पूरी की पूरी जानकारी सरकार के पास होगी। मैं सिर्फ इतना ही कहना चाहता हूँ कि यदि इस तरह की घटनाएँ होती रहेंगी और यह कहकर कि दलित के नाम पर .....। सोनिया जी अमेठी गई थीं। हर पोलिटिकल पार्टी के लोगों को जाना

चाहिए। हर पोलिटिकल पार्टी के लोग जाकर विज़िट करें।

श्री विलास मुत्तेमवार (नागपुर) : मैडम हरियाणा भी गई थीं।

श्री राम विलास पासवान : जी हां, हरियाणा भी गई थीं। मैंने बार बार कहा है कि यदि दलित पर जुल्म होगा और उसको दलित उठाएंगे, मुसलमान पर ज़ुल्म होगा, उसको मुसलमान उठाएंगे, पिछड़ी जातियों पर ज़ुल्म होगा और उसको पिछड़ी जाति के लोग उठाएंगे, ऊंची जाति का मामला ऊंची जाति के लोग उठाएंगे तो इस देश में सामाजिक समरसता नहीं आएगी। सामाजिक समरसता तब होगी जब मुसलमान के मुद्दे को हिन्दू उठाए, दलित के मुद्दे को ब्राह्मण उठाए, ऊंची जाति के मुद्दे को पिछड़ी जाति के लोग उठाएं, तब जाकर सामाजिक समरसता आएगी।

श्री बसुदेव आचार्य (बांकुरा) : हम ऐसा करते हैं।

श्री राम विलास पासवान : आप तो हैं लेकिन कम्युनिस्ट को कौन हिन्दू-मुसलमान मानता है? एक जगह नहीं, पूरे देश में इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। मैं आपसे आग्रह करना चाहता हूँ कि मामला इतना ही नहीं है। कल मैं बोलना चाहता था लेकिन मैंने जान-बूझकर नहीं बोला चूंकि लाइव टैलीकास्ट हो रहा था और मैं मामले को फीका नहीं करना चाहता था। आज अयोध्या की कुछ एकड़ भूमि को लेकर पूरे देश में कोहराम मचा हुआ है कि शायद भगवान राम का अपमान हो रहा है। रामचन्द्र जी कहां रहेंगे - धूप में, बारिश में कहां रहेंगे, सड़क पर रहेंगे, बिना घर के रहेंगे, लेकिन दूसरी तरफ दलितों के सैकड़ों मंदिर हैं, संत रविदास के मंदिर हैं जिनको भारत सरकार द्वारा तोड़ा जा रहा है। इसी दिल्ली में आप चले जाइए, हर रोड पर आपको कोई न कोई मंदिर मिल जाएगा। 12 नंबर, तुगलक रोड है जहां चौधरी साहब रहते थे। 1977 में हम लोग वहां जाते थे तो कुछ नहीं था। आज देख रहे हैं कि यहां से वहां तक मंदिर बना हुआ है। उसको तोड़ने की किसी की हिम्मत नहीं है। यहां स्वामीजी बैठे हैं। मैं धन्यवाद देना चाहता हूँ कि आपने होम मिनिस्टर को बुलाया और शहरी विकास मंत्री जी को निर्देश दिया। आज से तीन दिन पहले हम उनसे मिले थे। मैं चाहूँगा कि आप उनसे जवाब भी दिलवाएंगे, शायद इनके पास पूरे फैक्ट्स नहीं हों। हम थे, रामजीलाल सुमन थे, रामदास आठवले थे, रामचन्द्र पासवान थे। हम सब गए थे। उन्होंने बुलवाया था। लेकिन आपको जानकर आश्चर्य होगा, मैंने मिनिस्टर को इतना टैम्पर खोते हुए कभी नहीं देखा। उनको गलत जवाब दिया गया। जब हमने उनको बताया कि 37 मंदिर आर.के.पुरम में हैं और उनमें से सिर्फ एक संत रविदास जी के मंदिर को जाकर शहरी विकास मंत्रालय ने तोड़ा और फिर जब आपने कहा कि इसके बाद उसमें कोई इंटरफियर नहीं करेगा। ज्यों ही मालूम हुआ कि यहां से स्पीकर ने कहा है तो दूसरे दिन जाकर वहां घेराबंदी करनी शुरू कर दी। उसके बाद हमें मालूम हुआ। मैंने आपसे कहा। आपने मंत्री जी से कहा। फिर मंत्री जी से मैंने टेलीफोन पर कहा। उसके बाद उनको गलत जवाब दिया गया और जब हमने उनके अधिकारियों के सामने कहा, तब हमने कहा कि चलिये मेरे साथ, वहां चलकर जांच कीजिए। तब वे कहते हैं कि मैं इसकी जांच करूँगा। मैं धन्यवाद देना चाहता हूँ मंत्री जी को कि फिर उन्होंने पता लगवाया और बिगड़ गए। मैं कहना चाहता हूँ कि आर.के.पुरम, तुगलकाबाद और चंडीगढ़ में जो पीजीआई हैâ€¦ (व्यवधान)

श्री पवन कुमार बंसल (चंडीगढ़) : मिनिस्टर ऑफ हैल्थ एंड फैमिली वैलफेयर ने कहा था कि क्योंकि उनके तहत आता है वे इस बारे में तफसील में बताएंगे। वह नहीं बताया।

श्री राम विलास पासवान : पीजीआई में सात मंदिर हैं। यहां रविदास मंदिर है, बगल में गुरुद्वारा भी है, हरमंदिर भी है, चर्च भी है। किसी मंदिर को नहीं तोड़ा गया और जाकर उसको तोड़ दिया गया। आपको आश्चर्य होगा कि अर्बन डैवलपमैंट मिनिस्टर उनसे मांग रहे हैं कि हमें रिकार्ड भेजो। वह भी भारत सरकार के अंदर और यह भी भारत सरकार के अंदर, लेकिन परसों तक भारत सरकार को रिपोर्ट नहीं भेजी। कह रहे हैं कि हमें मालूम नहीं है, हम नहीं देंगे। हमने कहा कि ठीक है सुामा स्वराज जी को जाकर कहिये कि स्वास्थ्य मंत्री आकर संसद में जवाब दें। उसके बाद उन्होंने लाने के लिए कहा है।

महोदय, हमें मालूम नहीं है कि वह आया है या नहीं। तुगलकाबाद में चले जाइए, वहां देखिए - रोड का नाम सन्त रविदास मार्ग है। वहां एक तालाब लगभग आधा किलोमीटर में है। उसका नाम, चमारान यानी जाति के नाम पर है, लेकिन वहां जाकर भी देखिए, सन्त रविदास मंदिर भी तोड़-फोड़ दिया है। किसने उसकी स्थापना की थी और कब की थी - बाबू जगजीवन राम जी ने 1959 में उसकी स्थापना की थी। 300 साल पुराना तालाब है। आज हालत यह है कि एक आदमी चन्दन, टीका लगाकर रोड पर पत्थर रख देता है, वही भगवान हो जाता है, वहीं मंदिर बन जाता है। किसी की हिम्मत नहीं है जो वहां जाकर उसे हटा सके। यदि हटाया जाएगा, तो राइट हो जाएगा, लेकिन जब दलित का मामला आता है, तो पुलिस पहुंच जाएगी, पुलिस के संरक्षण में 50 साल से बने दलितों के मंदिर तोड़ने का काम हो रहा है। जो-जो घटनाएं मैं बता रहा हूं, वे सब की सब भारत सरकार के अधिकार क्षेत्र में आने वाली जगह हैं। किसी प्रदेश सरकार की बात मैं नहीं कह रहा हूं। सबसे अधिक आश्चर्य की बात तो अध्यक्ष महोदय यह है कि पार्लियामेंट में, आपकी स्वीकृति से, इस मामले को जब मैंने आपके ध्यान में लाया, तो गम्भीरता पूर्वक लिया गया, लेकिन उसके बाद भी कुछ नहीं हो रहा है, क्या करे दलित समाज ?

महोदय, रिजर्वेशन की डीलिमिटेशन का मामला है, उसमें भी सरकार की यही नीति है। मैं दूसरे सदन का नाम नहीं लेना चाहता हूं। दूसरे सदन में मंत्री जी ने साफ तौर से कहा कि 2004 के बाद डीलिमिटेशन लागू होगी । 1970 के बाद 2000 तक डीलिमिटेशन की बात कानून बनाकर टाल दी गई। 2000 के बाद दलितों को लगा कि अब जब 2001 की जनगणना होगी, तो उसके आधार पर दलितों को उनका हक मिलेगा, उनकी सीटों का रिजर्वेशन बढ़ेगा और उन्हें बढ़ी हुई सीटें मिलेंगी तथा उसके आधार पर लोक सभा तथा विधान सभाओं में उनकी सीटों की संख्या बढ़ेगी। इसलिए नहीं बढ़ेगी कि दलितों के ज्यादा बच्चे पैदा होते हैं, बल्कि इसलिए बढ़ेगी कि विभिन्न प्रदेशों में दलित जाति के लोगों को आरक्षण देने के कारण उनकी संख्या बढ़ी है।

महोदय, आपके राज्य महाराट्र में नवबौद्धों को 13 प्रतिशत आरक्षण देने से दलितों के सीटों की संख्या में 6 से 7 प्रतिशत की वृद्धि हो गई है। बाबा साहब अम्बेडकर की कल्पना थी कि हम नवबौद्धों को आरक्षण देंगे। जब मैं मंत्री था, तब हमने प्रस्ताव पारित किया कि नवबौद्धों को अनुसचित जाति का दर्जा दिया । उसके मुताबिक औटोमैटिकली उनके आरक्षण की 7 प्रतिशत सीटें बढ़ गईं, संविधान के मुताबिक जितनी जनसंख्या है, उसके मुताबिक उनकी सीटें बढ़नी चाहिए और इस हिसाब से 2001 की जनसंख्या के अनुसार उनकी 20 लोक सभा की तथा 60 विधान सभाओं की सीटें बढ़नी चाहिए और यदि 1991 की जनसंख्या को ही आधार माना जाता है तो भी लोक सभा की 17 सीटें बढ़ जाएंगी और 52 सीटें विधान सभाओं की बढ़ेंगी। मैंने उस समय भी कहा था कि यह कांसपिरेसी है क्योंकि 2001 के आंकड़े आपके पास उपलब्ध हैं, यदि इनके हिसाब से करते हैं तो लोक सभा की 20 सीटें बढ़ती हैं और यदि 1991 के आधार पर करते हैं, तो लोक सभा की 17 सीटें बढ़ती हैं, लेकिन आप डीलिमिटेशन नहीं करना चाहते हैं। पहले आपने कह दिया कि 1991 की जनसंख्या के आधार पर होगा, जब हमने कहा कि ठीक है, 1991 की जनसंख्या के आधार पर करिए, तो आपने कह दिया कि 2001 की जनसंख्या के आधार पर होगा । दलितों को डराया जा रहा है कि आपकी सीट डीरिजर्व हो जाएगी और सवर्णों से कहा जा रहा है कि आपकी सीट रिजर्व हो जाएगी।

महोदय, हम चाहते हैं कि हमारी सीट डीरिजर्व हो। हमने कोई ठेका नहीं लिया है कि हम ही हाजीपुर से लड़कर आते रहें। मेरे और भी भाई हैं। उसे अनारक्षित कीजिए, किसी और को मौका दीजिए। मैं सांसद रहूं या न रहूं, लेकिन यह जरूरी नहीं है कि एक ही सीट से जीत कर लोग आते रहें और वह सीट आरक्षित सीट बनी रहे। सासाराम सीट 1952 से रिजर्व चली आ रही है। हम चाहते हैं कि वह डीरिजर्व हो और उसकी बजाय कोई और सीट रिजर्व हो, ताकि रिजर्व सीट से कोई और जीतकर आ सके, लेकिन आप ऐसा नहीं करते हैं। आप दलितों को डराते हैं कि आपकी सीट अनारक्षित हो जाएगी और दूसरों को कहते हैं कि आपकी सीट आरक्षित हो जाएगी।

महोदय, रामविलास पासवान रहे न रहे, रामजीलाल सुमन रहें या न रहें, लेकिन हम हर चुनाव में अपनी 20 सीटों की हत्या नहीं होने देंगे। इसको हम बर्दाश्त करने

वाले नहीं हैं। इसलिए मेरा निवेदन है कि डीलिमिटेशन कमीशन को सारे के सारे फैक्ट्स दिए जाएं और रजिस्ट्रार जनरल आफ इंडिया को कहा जाए कि वह 2001 के आंकड़े जल्दी से जल्दी नोटिफाई करें और उसके आधार पर 2004 जनरल इलैक्शन होना चाहिए। यदि ऐसा नहीं होगा, तो महोदय, मैं आज कहना चाहता हूं कि मैं गांधी जी और अम्बेडकर की प्रतिमाओं के आगे अनशन शुरू कर दूंगा। इस प्रकार की कांस्पीरेसी हम अपने गरीब भाइयों के विरुद्ध नहीं चलने देंगे। जो सांवैधानिक अधिकार, बाबा साहब अम्बेडकर ने अकेले लड़कर हमें दिलाया, उसको भी हम यदि लागू नहीं कर सकते हैं, तो हम यहां किसलिए आए हैं ? मैं विपक्ष की नेत्री से भी कहूंगा कि वे सरकार के जाल में न फंसें। यह सरकार की चाल है।

वे हमे कहते हैं कि आप लोगों ने भी उसमें स्वीकृति दे दी है। 2001 कर दें, बहुत अच्छी बात है और अगर 2001 नहीं होता है तो आप 1991 के आधार पर करवाएं। उसमें भी 17-18 सीट बढ़ जाएंगी, अगले इलैक्शन में हम 2001 कर लेंगे। लेकिन यह क्या मतलब है कि न 2001 रहेगा और न 1991 रहेगा, 1971 के आधार पर चुनाव होगा।

महोदय, मैं इस मामले में जानना चाहता हूं, चूंकि उप प्रधानमंत्री जी यहां बैठे हैं, वह इसका जवाब देंगे। मैंने दूसरे सदन में जो लॉ मिनिस्टर का सुना है, उसके आधार पर कह सकता हूं कि उन्होंने साफ तौर से इनकार कर दिया है, यह संभव नहीं है। जब कि डीलिमिटेशन कमीशन ने कहा कि यदि हम जल्द से जल्द 2001 की आरजीआई की रिपोर्ट दे दें तो हम करने को तैयार हैं।

महोदय, उसी तरीके से रिजर्वेशन का मामला है। मेरे पास हर मंत्रालय की जानकारी है। एक मंत्रालय प्रसार भारती है, यह राज्यसभा का प्रसार भारती का अतारांकित प्र ाश्न 29-7 का है। उसमें इनसे पूछा गया था -

> "Whether it is a fact that Prasar Bharati got 21 anchor-cum-news readers selected from a private company for Doordarshan news. "

उसके बाद इसमें जवाब मिलता है -

> "Prasar Bharati has informed that it has engaged 21 newscasters/anchors on contract basis for a period of one year through a private agency. "

उसमें एससी, एसटी का एक भी नहीं है। क्या मतलब है, क्या इसलिए प्रसार भारती बनाया गया था, कि आप एससी, एसटी के प्रति जुल्म करे। इसमें किस तरह से बहाली होती है, इसमें कौन सी टैक्नीकल पोस्ट है? दूरदर्शन में डीजी तक एससी के लोग रहे हैं और विदेश मंत्रालय में ग्रेड-वन में रहे हैं।

> "There are total 51 posts at the B stations. Then, there are total 26 posts at the C/C* stations."

विदेश मंत्रालय में बना हुआ है - ए-ग्रेड का कौन सा देश है, अमेरिका, इंग्लैंड और फ्रांस, ये सब ए-ग्रेड के हैं। दूसरे ग्रेड में ये देश हैं। एससी, एसटी के लोगों को जानबूझ कर थर्ड ग्रेड की कंट्री में डिमोट करके भेजा जाता है। सिर्फ के.आर. नारायणन जी की अमेरिका में पोस्टिंग की गई थी, लेकिन आज कोई नहीं है। मैं नाम नहीं लेना चाहता हूं, मेरे पास किसी ने विजय कुमार का रिप्रजंटेशन भेजा है। वह सबसे सीनियर मोस्ट हैं और उन्हें डिमोट करके मोरिशस या जिम्बाब्वे भेजा गया। यहां कितने लोग हैं, मैं सरकार से जानना चाहता हूं,

> "How many HMOs and HPOs have super A/A stations? Out of that, how many are Scheduled Castes and the Scheduled Tribes? "

HMS का मतलब है - हैड आफ द मिशन, दूसरा एचओपी है - हैड आफ द पोस्ट,

> "How many Head of Missions and Head of Posts have B stations and C/C* stations? Out of that, how many are Scheduled Castes and the Scheduled Tribes?"

सबसे ज्यादा 40 प्रतिशत सी-ग्रेड है, ए और बी में कुछ नहीं और सी में 40 प्रतिशत है। मेरे पास ऑल इंडिया सिंडिकेट बैंक के एम्प्लाइस का आया है, उन्होंने मुझे आज ही दिया है। उन्होंने लिखा है कि उनका जो आफिस बियरर है - प्रेम कुमार सचिव, उनके साथ किस तरह ज्यादती हो रही है। हम लोग कहते हैं कि एससी, एसटी का ज्यूडिशियरी में रिजर्वेशन होना चाहिए तो बहुत लोगों को लगता है कि क्या ये लोग पागल हो गए हैं। ये लोग हायर ज्यूडिशियरी में क्यों रिजर्वेशन मांगते हैं।

अध्यक्ष महोदय, आपको मालूम होगा कि हमारी तीन संस्थाएं हैं - विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका। लेजिस्लेटिव असेम्बली है, लोक सभा है। विधायिका में हमें कहीं कोई शिकायत नहीं रहती है, क्योंकि वहां हर पार्टी और समुदाय के लोग हैं, जहां कहीं भी कोई डिफेक्ट होता है वहां से पास होता है, लेकिन हर्डल नहीं होता है, रूकावट कार्यपालिका में होता है। कार्यपालिका में 56 साल के बाद भी एससी, एसटी के लोगों का, पिछड़ी जाति का, मंडल कमीशन अभी लागू हुआ है, उनकी संख्या बहुत कम है, एससी. एसटी, ओबीसी में, एससी, एसटी के क्लास तीन और चार में आ गए हैं लेकिन टू और वन में नहीं आए हैं। कोई नीतिगत निर्णय सैक्रेट्री के लेवल पर होता है, पालिसी सैक्रेट्री के लेवल पर होती है। महोदय, बहुत से लोग मंत्री रहे हैं, हम सब जानते हैं कि जो बात डिपार्टमेंट के सैक्रेट्री को मालूम होती है वह मिनिस्टर को नहीं मालूम होती है। सैक्रेट्री का सीधा संबंध केबिनेट सैक्रेट्री से रहता है और केबिनेट सैक्रेट्री का पीएमओ से रहता है। वहां पहले पालिसी तय होती है, मंत्री के पास बाद में आती है। हमारे नीचे के जो कर्मचारी हैं, क्लास-वन और टू में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कर्मचारी नहीं हैं। नतीजा यह होता है कि जब यह मामला जाता है तो जल्दबाजी शुरू होती है। विधायिका ने पास कर दिया, कार्यपालिका में जाकर अटक जाता है, लेकिन यदि कार्यपालिका में भी मामला निकल गया तो न्यायपालिका में जाकर सब रुक जाता है। मैं आपको उदाहरण देना चाहता हूं, इसी पार्लियामेंट में जब अनुसूचित जाति जनजाति का मामला आया, जब मंडल कमीशन लागू हुआ तो सुप्रीम कोर्ट ने 16 नवम्बर, 1992 को कहा कि पांच साल के बाद प्रमोशन में रिजर्वेशन लागू नहीं होगा। उसके बाद 1997 में रिजर्वेशन खत्म हो गया। सरकार ने पांच जी.ओ. में से तीन जी.ओ. को यहां पार्लियामेंट में संविधान संशोधन के द्वारा लागू कर दिया। लेकिन लागू करने के बाद भी संविधान संशोधन हो गया है, लेकिन वह मामला सुप्रीम कोर्ट में अटका हुआ है। सबसे पहली बात मंडल कमीशन में एस.सी. एस.टी. का मुद्दा ही नहीं था, वह पिछड़ी जातियों का मुद्दा था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने कह दिया कि प्रमोशन में रिजर्वेशन नहीं होगा। पिछड़ी जातियों को जब रिजर्वेशन ही नहीं मिला है तो प्रमोशन में रिजर्वेशन

का कहां सवाल उठता है। वह मामला वहां चला गया और जब यहां पार्लियामेंट में संविधान संशोधन हुआ है तो अब फिर मामला रुका हुआ है। हमें नहीं मालूम है, सत्य नारायण जटिया जी बताएंगे। वह इम्प्लीमेंट तो नहीं हुआ है न? बता दें, कहें तो हम ईल्ड कर देंगे। अभी जो प्रमोशन में रिजर्वेशन का जो हम लोगों ने लागू किया है, वह अभी तक लागू हुआ है?

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री (डॉ. सत्यनारायण जटिया) : लागू हुआ है।

श्री राम विलास पासवान : कोर्ट में मामला है। मैं सरकार को दोा नहीं देना चाहता हूं, लेकिन कुछ लोग सुप्रीम कोर्ट में चले गये हैं। सुप्रीम कोर्ट ने उसके ऊपर स्टे लगा रखा है।

डॉ. सत्यनारायण जटिया : ऐसी कोई रोक नहीं है।

श्री राम विलास पासवान : ठीक है। मैं आग्रह करना चाहता हूं कि 18.3.1999 को प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया था और उस आश्वासन में उन्होंने कहा था कि जो दो जी.ओ. बचे हुए हैं, उसमें खास तौर से दो जुलाई और 23 अगस्त का, जिसे अभी तक वापस नहीं लिया गया है, मैं आग्रह करना चाहता हूं कि दो जुलाई और 23 अगस्त का भी प्रधानमंत्री जी ने आश्वासन दिया है, लेकिन उसे अभी तक वापस नहीं लिया गया है। इसमें खासकर जो रोस्टर पाइंट है, इसे जल्दी से जल्दी लागू करने का काम किया जाये। मैं जानता हूं, समय का अभाव है।

अध्यक्ष महोदय : मैं आपको बीच में रोकता नहीं हूं, लेकिन आप कितना समय लेंगे, क्योंकि बहुत से इस पर लोग बोलने वाले हैं।

श्री राम विलास पासवान : मैं 10 मिनट में खत्म कर रहा हूं। इसलिए मैं आपसे आग्रह करना चाहता हूं कि न्यायपालिका में जब तक आरक्षण नहीं होगा, जैसे ि वधायिका में है, कार्यपालिका में है, न्यायपालिका में जब तक आरक्षण का सिद्धान्त लागू नहीं होगा, हम लाख यहां से कानून बनाने का काम करें, वहां जाकर कहीं न कहीं मामला अटक जायेगा। मैं कहना चाहता हूं कोई भी इंस्टीट्यूशन चाहे ऑटोनोमस हो, कोई भी हो, वह संविधान से बड़ी नहीं है। यहां कहा जा रहा है कि सेना में आरक्षण नहीं होगा। आडवाणी साहब आप एक दलित रेजीमेंट बनाकर देखिये और उसे सौंप दीजिए, राट्रपति का गोरखा रेजीमेंट है, पहले कहते थे कि हाइट पांच फीट सात इंच होनी चाहिए। आज युद्ध की टैक्नीक ऐसी है कि उसमें ऊंचाई की क्या जरूरत है। बटन दबाकर अमेरिका से इराक के ऊपर मार करता है। वहां पांच फीट सात इंच की क्या जरूरत है। मैं मांग करता हूं कि आप दलित वर्ग का प्रतिनिधित्व दीजिए या, उन्हें सेना में आरक्षण दीजिए, नहीं तो दलित रेजीमेंट अलग से बनाने का काम कीजिए। मैं आपसे मांग करने वाला हूं, जितने दलित वर्ग के लोग हैं, हम लोगों का पोटा से विरोध है, लेकिन पोटा लागू हो गया, जब कानून बन गया तो लागू हो गया। आप एक बार आजमाकर देखिये कि जो दलित वर्ग के लोगों के ऊपर जुल्म अत्याचार करेगा और खासकर झज्जर जैसी घटना कहीं होगी, तो उस उसके ऊपर पोटा का इस्तेमाल करेंगे। उसके बाद देखिये कि रुकता है या नहीं रुकता है। एक बार जब बन्द हो जायेगा तो फिर मामला शान्त होगा। इस देश में नेता की कमी नहीं है, नीति की भी कमी नहीं है, लेकिन सबसे बड़ी कमी नेता की नीयत की है।(व्यवधान)

श्री सानछुमा खुंगुर बैसीमुथियारी (कोकराझार) : एक ट्राइबल रेजीमेंट इण्डियन आर्मी में होनी चाहिए।

श्री राम विलास पासवान : मैं आपसे सहमत हूं, आप एक ट्राइबल रेजीमेंट को भी बना दीजिए और बोड़ो की तो अलग से जरूर बना दीजिए। उसी तरीके से प्राइ वेट सैक्टर है। आप अमेरिका चले जाइये, इंग्लैंड में चले जाइये, वहां रिजर्वेशन नहीं है, लेकिन कोई भी सरकारी नौकरी होती है, तब चाहे प्राइवेट बहाली होती है तो ग वर्नमेंट के द्वारा लिस्ट मांगी जाती है कि इसमें गोरे लोग कितने हैं, काले लोग कितने हैं। आप मंगाकर देखिये, आपको हिसाब मिल जायेगा। आपको हिसाब मिल जाएगा। प्राइवेट सैक्टर वालों को पूछिये कि आपके यहां कितने एससीएसटी हैं, कितने बैकवर्ड क्लास के लोग हैं, कितनी महिलाएं हैं, कितने ऊंची जाति के और कितने अल्पसंख्यक लोग हैं। उसके बाद आप रिजर्वेशन दीजिए। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 30 हजार करोड़ रुपये की सम्पत्ति बेची गयी जिसमें साढ़े बाईस प्रतिशत एससीएसटी का हिस्सा आता है। लेकिन वह हिस्सा खत्म हो गया। आप जब कहते हो कि आप जनरल लोगों के साथ कम्पीट करो तो वे कहां से कम्पीट करेंगे? उनके पास साधन कहां हैं? मैं मांग करता हूं कि आप जितनी सम्पत्ति बेचते हो उसमें से एससीएसटी का जो हिस्सा है उस हिस्से को एससीएसटी के बच्चों को एम्प्लाएमेंट देने में, ट्रेनिंग देने में, रिसर्च में खर्च करो, उनको योग्य बनाने में खर्च करो। तब जाकर वे योग्य बनेंगे। नहीं तो आप कहते रहोगे कि एससीएसटी के योग्य उम्मीद्वार नहीं मिलते हैं।

एक बात और कहकर मैं अपनी बात खत्म करूंगा। माननीय जटिया जी यहां बैठे होंगे। उन्हें पता होगा कि हमने 1989-1990 में एक बिल बनाया था। सरकारी नौकरियां तो वैसे ही खत्म होती जा रही हैं और रिजर्वेशन तो वैसे ही खत्म होने वाला है। फिर ऊंची जाति के गरीब लोगों को रिजर्वेशन देने की बात हो रही है। हमें उसमें कोई आपत्ति नहीं है। पिछड़ी जाति को रिजर्वेशन मिल गया। दलित वर्ग के लोगों को, आदिवासियों को रिजर्वेशन है, लेकिन इसका इम्प्लीमेंटेशन कैसे होगा? जो एक्ट 1989-1990 में बनकर वैलफेयर मिनिस्ट्री में रखा हुआ है, आप उसको पढ़िये। सिर्फ जीओ के मुताबिक रिजर्वेशन मिल रहा है। जो जीओ होता है उसमें दंड का प्रावधान नहीं होता है। जब तक वह एक्ट नहीं बनता है। इसलिए रिजर्वेशन के लिए एक्ट बनाइये और उसको संविधान की 9वीं सूची में डाल दीजिए। जो बाबा साहेब अम्बेडकर कहते थे कि 10 साल में रिजर्वेशन का मामला समाप्त हो जाएगा, सबको रिजर्वेशन मिल जाएगा, वह सपना सच हो जाएगा। लेकिन जब तक डर नहीं रहेगा, उसके लिए विधान नहीं बनेगा, तब तक आप 100 साल तक रिजर्वेशन रखें, वह सुरसा की तरह रहेगा। एक्ट अलग रहेगा, फैक्ट अलग रहेगा और सरकार का, अफसर का टैक्ट अलग रहेगा। मैं चाहता हूं कि माननीय उप-प्रधान मंत्री जी जब जवाब दें तो रस्मी तौर पर जवाब न दें। सबको मालूम है कि अत्याचार बढ़ा है। आप सरकार की तरफ से कंक्रीट एक्शन लें। जिन मुद्दों के संबंध में कालिंग एटेंशन हुआ था चाहे वह झज्जर का मामला हो या बिहार के जो मुद्दे हैं या उत्तर प्रदेश के मुद्दे हैं, उनके संबंध में क्या कार्रवाई की गयी है वह भी बताएं। चार वर्णों की बात हम करते हैं लेकिन यह जो पंचम वर्ण है, दलित वर्ग के लोग पंचम स्थान पर थे, जिनको पढ़ने-लिखने से रोका गया था। मुन-स्मृति में कह दिया गया कि कुत्ते-बिल्ली को मारने में जितना पाप लगता है उतना ही पाप दलित-अछूत को मारने में लगता है। इसलिए जिनको समाज की मुख्य-धारा से अलग रखा गया है जब तक उनको समाज की मुख्य-धारा में नहीं जोड़ा जाएगा, चाहे सरकारी नौकरी हो, प्राइवेट नौकरी हो, चाहे बिजनैस हो, तब तक उनका कुछ होने वाला नहीं है। आर्थिक दृटि से उनकी तरफ कोई देखने वाला नहीं है। इंदिरा आवास योजना के अंतर्गत हमारे यहां एक पंचायत में कह दिया गया कि केवल चार लोगों को पैसा मिलेगा।

डॉ.जसवन्त सिंह यादव (अलवर) : लेकिन हमारे यहां तो अलवर में एक हजार लोगों को मिला है। बिहार में बीजेपी की सरकार नहीं है।

श्री राम विलास पासवान : मैं राजस्थान की सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं कि वहां एक पंचायत में एक हजार लोगों को इंदिरा आवास योजना के अंतर्गत मकान दिये गये हैं। हमारे यहां बिहार में कलैक्टर ने कह दिया कि एक पंचायत में चार आदमियों से ज्यादा लोगों को मकान नहीं दे सकते हैं। मैंने उन्हें बताया कि आज की जनसंख्या के हिसाब से जोड़ लगाकर देखा जाए तो साढ़े चार सौ साल में जाकर गरीब लोगों को मकान मिलेगा। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि भारत सरकार पर आरोप है कि उसने इंदिरा आवास योजना पर (व्यवधान)

डॉ.जसवन्त सिंह यादव : अभी आप कांग्रेस की बात कह रहे थे। बिहार में सोनिया जी गईं थीं, तो उन्होंने वहां पर क्यों नहीं बोला। (व्यवधान) यह बात आप सोनिया जी को कहिए। (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : मैंने आपको इजाजत नहीं दी है। आप बैठिए। आप इस विाय में अपने समय में बोलिए।

...(व्यवधान)

श्री राम विलास पासवान : महोदय, मैंने सिर्फ इतना ही कहा कि बिहार सरकार के पास जितना पैसा है, उतने पैसे में से, जैसा क्लैक्टर ने कहा, चार आदमियों को दे सकते हैं। इन्होंने कहा कि उनके स्टेट में एक हजार लोगों को दिया गया है। मैंने उनको धन्यवाद दिया। फिर इनको नहीं उठना चाहिए था और उठ खड़े हुए, तो इनको बुरा नहीं लगना चाहिए था। (व्यवधान)

अंत में, एक तरफ जहां मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने इस विाय पर सदन में चर्चा कराई, वहीं दूसरी तरफ मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि चाहे दलितों का मामला हो, चाहे आदिवासियों का मामला हो और चाहे पिछड़ी जातियों का मामला हो, उनके संवैधानिक अधिकारों की रक्षा होनी चाहिए। आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक स्तर ऊचां करने की जवाबदेही भारत सरकार की है और भारत सरकार अपनी जवाबदेही से मुकर नहीं सकती है। इसलिए मैं मांग करता हूं कि सरकार इस ि वाय को गम्भीरता से ले, नहीं तो देश में अहिंसा का वातावरण फैल रहा है। खासकर दलित वर्ग के लोग बेरोजगार हैं। मैं इस बात को कहना नहीं चाहता हूं, लेकिन नक्सालाइट्स गतिविधियों में 60 प्रतिशत लोग वीकरसैक्शन के हैं। क्यों ये लोग वहां जाते हैं, क्यों इनको बरगलाया जाता है, इस बारे में विचार करना चाहिए। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि इनके संवैधानिक अधिकारों की रक्षा होनी चाहिए।

इन्ही शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने इस विाय पर सदन में चर्चा कराई और चर्चा के लिए समय दिया।

अध्यक्ष महोदय : इस चर्चा में 20-22 माननीय सदस्य हिस्सा लेना चाहते हैं, जिनके नाम मेरे पास अभी तक आए हैं। आप सभी लोग जानते हैं कि आज महाराजा रणजीत सिंह जी की प्रतिमा का अनावरण भी हो रहा है। इसलिए मैं सभी सदस्यों से विनती करता हूं कि आप अपना भााण 10-12 मिनट में पूरा कीजिए। अनावरण होने के बावजूद भी सदन की कार्यवाही चलती रहेगी। जिनको भााण करना है, वे जरूर करें। कल अधिवेशन समाप्त हो रहा है, इसलिए मैं चाहता हूं कि यह चर्चा आज पूरी हो जाए। सदन स्थगित नहीं होगा, जब तक यह चर्चा पूरी नहीं होगी।

अब श्री रतनलाल कटारिया जी अपना भााण प्रारम्भ करेंगे।

श्री रतन लाल कटारिया (अम्बाला) : अध्यक्ष महोदय, मैं बड़े दुख के साथ कहना चाहता हूं कि 56 वर्ाों की आजादी के पश्चात भी आज हम इस महान सदन में दलितों के ऊपर हो रहे अत्याचारों की समीक्षा कर रहे हैं क्या ? आज यह सोचने का वक्त नहीं है कि गांधी जी ने दलितों की रक्षा के लिए जो संकल्प लिया था। उन्होंने कहा था -

> "For the sin committed against them, in the olden days, by our fathers and forefathers, we have to become *harijan sevaks.* "

क्या आज उनका सपना पूरा हो रहा है? इसी तरह से सरदार पटेल जी ने कहा था -

> "We are the trustees. We have given pledge to share power under the Pune Pact. Have they fulfilled that pledge? "

इसी तरह से श्री के. एम. मुंशी जो संविधान बनाने वालों में से एक थे, उन्होंने भी इस प्रकार का सपना संजोया था कि जैसे-जैसे देश की आजादी का समय बढ़ता जाएगा वैसे-वैसे यह समाज सामाजिक और आर्थिक एकता में तरक्की करता चला जाएगा लेकिन आज भी हम देख रहे हैं कि गुरु गोविन्द सिंह, गुरु नानक देव की धरती पर जुल्म हो रहे हैं। बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की धरती पर जिन को दलितों का मसीहा कहा जाता है, पानी पीने के लिए उन्होंने जो संर्घा 70 वर्ा पहले किया, आज भी वहां पर दलितों को पानी पीने के लिए संर्घा करना पड़ रहा है।

16.56 hrs. (Shri Devendra Prasad Yadav in the Chair)

इसी तरह से बिहार जो बौद्ध की नगरी, अहिंसा के पुजारी की नगरी है, वहां आज भी दलितों के ऊपर अत्याचारों की आंधी आ गई है। फिर वह चाहे राजस्थान हो, चाहे मध्यप्रदेश हो या बिहार हो, एक के बाद एक ये आंकड़े लाखों की संख्या में बढ़ते जा रहे हैं। आज प्रश्न यह नहीं है कि क्या कुछ परसैंटेज दलितों पर अत्याचार का घट गया है या बढ़ गया है? आज प्रश्न इस बात का है कि 56 वर्ा की आजादी के बाद भी क्या आज वह मानसिकता समाज के अन्दर प्रवेश कर रही है जिस के कारण ये घटनाएं हो रही हैं। तलहन में क्या हुआ? शहीद बाबा निहाल सिंह एवं बाबा हरनाम सिंह की समाधि पर वर्ाों से लोग इकट्ठे मिल कर पूजा करते थे लेकिन जैसे वहां कांग्रेस का शासन आया और अमरेन्द्र सिंह जी वहां के मुख्यमंत्री बने, उनके समय में दलितों पर इतने अत्याचार बढ़े और आपस में इतना टकराव हुआ कि वहां 5 जून को (व्यवधान)

श्री पवन कुमार बंसल : सभापति महोदय, यह गलत बात न कहें। यहां कांग्रेसी सरकार की बात कहां से आ गई?

सभापति महोदय : असंगत बात प्रोसिडिंग्स में से निकाल दी जाएगी।

(व्यवधान)

श्री रतन लाल कटारिया : मैं केवल एक हत्या का जिक्र नहीं कर रहा हूं। मैं पंजाब को पूरे हिन्दुस्तान के राज्यों में से एक अमीर राज्य मानता हूं। मेरा यह आरोप है कि पिछले वर्ा में जितना कनवर्शन पंजाब में हुआ है, उतना कहीं नहीं हुआ। पंजाब में बाहर से धन आ रहा है। वहां दलितों को क्रिश्चियन्स बनाया जा रहा है। यह काम आजादी से पहले भी नहीं हो सका और उस समय कोई भी दलितों के धर्म को कनवर्ट नहीं कर सका लेकिन आज पंजाब में डैमोग्राफिक चेंजिस आ रही हैं। वहां दलितों को सोची-समझी रणनीति के अंतर्गत क्रिश्चियन्स बनाया जा रहा है। मैं आडवाणी जी से प्रार्थना करूंगा कि वह इस सारे कांड की जांच कराएं। इसी तरह से राजस्थान के चकवारा में पीने के पानी को लेकर आज भी दलितों के ऊपर अत्याचार हो रहे हैं। वहां 46 लोगों को मार दिया गया, 134 का रेप हुआ और 93 हीनयस क्राइम हत्याएं हुईं। आज एक नए किस्म का अत्याचार दलितों के ऊपर होने लगा है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार और महाराट्र में जो ट्राइबल एरियाज हैं, जहां दलित

बस्तियां है, वहां कुछ मौत के सौदागर घूमते हैं, कुछ देह व्यापार के सौदागर घूमते हैं। वे हमारी बेटियों को धन के लालच में उन क्षेत्रों से उठा कर खाड़ी के देशों में ले जाते हैं।

17.00 hrs.

वहां फिर उनके साथ शोाण किया जाता है और वे अभागी लड़कियां आज भी तरसती फिर रही हैं।, उनके जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इन प्रदेश सरकारों ने इस विाय को कभी गम्भीरता से नहीं लिया। अगर इन सरकारों ने विाय को गम्भीरता से लिया होता तो आज दलितों पर अत्याचार नहीं होते।

सभापति जी, अभी बिहार का जिक्र किया गया। कहा गया कि मैडम सोनिया हरियाणा गई, बिहार गईâ€¦ (व्यवधान) लेकिन मैंने देखा है कि मैडम बिहार गई हैं। जब लक्षमण बाथे और लक्षमण बीगे में 61 और 19 दलितों की हत्या की गई थी । मैडम ने लाशों के देखने के बाद कहा था कि अब वक्त आ गया है कि राबड़ी सरकार को जाना चाहिये लेकिन जैसे ही वह दिल्ली आई, अपना पैंतरा बदल दिया। मेरा कहना है कि बिहार में राबड़ी सरकार दलितों की हत्यारी सरकार है।(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Please take your seat.

श्री रतन लाल कटारिया : सभापति जी, मेरा आरोप है कि बिहार में कांग्रेस पार्टी जिम्मेदार है और शायद मैडम सोनिया को मालूम नहीं है(व्यवधान)

सभापति महोदय : जो असंगत बात होगी, वह प्रोसीडिंग्स से निकाल दी जायेगी। आप अभी बैठे। Please address to the Chair.

श्री रतन लाल कटारिया : सभापति जी, दलितों की लाशों के पास बैठकर शायद मैडम ने सोचा होगा कि उनके बिहार जाने से दलितों पर अत्याचार बंद हो जायेंगे। और सोचती होंगी, कि "उनके देखे से आ जाती है चेहरे पर रौनक, वो समझते हैं कि बीमार का हाल अच्छा है।" लेकिन मैं मैडम को बताना चाहता हूं कि ऐसा नहीं हो रहा है। वहां आज भी दलितों का कत्लेआम हो रहा है। इसी तरह मध्य प्रदेश में दलितों पर अत्याचार की घटनायें हो रही हैं। उनका क्या कसूर है? एक दलित महिला जनरल सीट से चुनकर आ गई, उसे सरेआम नंगा करके घुमाया गया उसे कहा गया "It is not your right to contest from a general seat". (व्यवधान)

श्री पवन कुमार बंसल : ऐसा आप लोगों ने किया है।

श्री रतन लाल कटारिया : यह सब आपकी सरकार के टाइम में हो रहा है।

सभापति महोदय : बंसल जी, आपको जब बोलने का समय मिलेगा, आप तभी अपनी बात कहियेगा. आप बैठिये।

श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी (खजुराहो) : सभापति जी, ये भाजपा के लोग हैं जो इस तरह से दलितों पर अत्याचार करते आये हैं और कर रहे हैं(व्यवधान)

श्री रतन लाल कटारिया : सभापति जी, मैं यह बताना चाहता हूं कि हमने एक यात्रा मैडम सोनिया की देखी और एक यात्रा माननीय अटल बिहारी वाजपेयी की आज से 23 साल पहले देखी थी जब वे देवली-साढूपुर गये ते। उनके दिल में दलितों के लिये तड़प है। यही कारण है कि उन्हें देश का प्रधान मंत्री बनने का मौका मिला। उन्होंने एक नहीं, तीन-तीन संविधान संशोधन दलितों की भलाई के लिये किये हैं। अभी श्री पासवान जी बोल रहे थे । वे सीनियर लीडर हैं, वे दलितों के मसीहा हैं। जहां-जहां दलितों पर अत्याचार होते हैं, वे अपनी आवाज बुलन्द करते हैं। हां, यह जरूर है कि जब वे विपक्ष मे होते हैं तो आवाज उठाते हैं। â€¦ (व्यवधान)

सभापति महोदय : आप अपनी बात अपने समय में कहें। कृपया अभी अपना आसन ग्रहण कीजिए।

श्री रतन लाल कटारिया : उस समय ये अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते तो(व्यवधान)

सभापति महोदय : मैं आपको अलाऊ नहीं कर रहा हूं। कृपया आप अपनी सीट ग्रहण कीजिए।

श्री राम विलास पासवान : सर, मेरा प्वाइंट ऑफ आर्डर है। इन्हें मालूम नहीं है कि डी.ओ.पी. 1997 में लागू किया गया और श्री वी.पी.सिंह 1990 में प्रधान मंत्री बने थे।(व्यवधान)

सभापति महोदय : यह प्वाइंट ऑफ इन्फोर्मेशन होगा, प्वाइंट ऑफ आर्डर नहीं।

श्री रतन लाल कटारिया : मैं श्री देवेगौड़ा की बात कर रहा हूं। (व्यवधान)

श्री राम विलास पासवान : उस समय श्री देवेगौड़ा जी भी प्रधान मंत्री नहीं थे, शायद आपकी मैमोरी में नहीं है। अगर आपको मालूम नहीं है तो याद कर लीजिए। उस समय न श्री वी.पी.सिंह प्रधान मंत्री थे और न श्री देवेगौड़ा जी थे। तब इलैक्शन का समय होने वाला थे और सुप्रीम कोर्ट के आदेश से लोक सभा के चुनाव की घोाणा हो गई थी। उस समय सुप्रीम कोर्ट ने नवम्बर, 1997 में, जब 16, नवम्बर, 1992 को मंडल कमीशन का जजमैन्ट हुआ था, यह कहा था कि 16 नवम्बर, 1992 का आदेश पांच साल के बाद लागू हो जायेगा।

श्री रतन लाल कटारिया : यह कंसील कर रहे हैं, यह सारा इनके समय में हुआ था। (व्यवधान) यह इनके समय में हुआ था।

सभापति महोदय : कटारिया जी, आप चेयर की तरफ मुखातिब होकर बोलिये। आपस में इंगित करके मत बोलिये।(व्यवधान)

श्री रतन लाल कटारिया : मैं निवेदन करना चाहता हूं कि आज जो पी.जी.आई.में रविदास मंदिर गिराने की बात आई और आर.के.पुरम में जो मंदिर गिराया गया है, ये मामले आदरणीय सुामा स्वराज जी तथा श्री आई.डी.स्वामी जी की नॉलिज में हैं। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इन मामलों को गंभीरता से लेकर मंदिरों को दोबारा बनवाया जाए।

श्री पवन कुमार बंसल : साथ ही साथ यह भी कहिये कि सरकार उन्हें मुआवजा भी दे।(व्यवधान)

श्री राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव (पूर्णिया) : दोाियों को दंडित करें, सिर्फ मुआवजे से काम नहीं चलेगा।(व्यवधान)

श्री रतन लाल कटारिया : चाहे वह झज्जर का मामला हो या कहीं और का मामला हो, अत्याचार अत्याचार ही है। जब हम दलितों पर अत्याचार की बात कर रहे

हैं तो हमें इन सब बातों को पार्टी पोलिटिक्स से ऊपर उठकर लेना चाहिए और हमें यह सोचना चाहिए(व्यवधान)

सभापति महोदय : कटारिया जी, आपकी पार्टी से और भी माननीय सदस्य बोलने वाले हैं।

श्री रतन लाल कटारिया : सर, ये लोग मुझे अपनी बात बोलने नहीं दे रहे हैं, इंटरप्ट कर रहे हैं।

सभापति महोदय : आपने खुद इनवाइट किया है। अब आप कंक्लूड कीजिए। आपकी पार्टी से आधा दर्जन लोग बोलने वाले हैं।

श्री रतन लाल कटारिया : मैं कहना चाहूंगा कि आज सामाजिक अधिकारिता मंत्रालय की तरफ से दलितों के सशक्तीकरण की बात आ रही है, उनके सामाजिक और आर्थिक सशक्तीकरण की बात आ रही है, स्पेशल कम्पोनैन्ट प्लान के तहत, विशे घटक योजनाओं के अंतर्गत जो योजनाएं चल रही हैं, जो सेगमैन्टिड स्कीम्स चल रही हैं और जो दो राट्रीय वित्त और विकास निगम फॉर शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ट ट्राइब्स के लिए बनाये गये हैं, मैं चाहूंगा कि जितनी योजनाएं चल रही हैं, अगर इन योजनाओं में दलितों की जनसंख्या के अनुपात में धन प्रदान किया जाए तो आज जो समाज के सामने दिक्कतें आ रही हैं, हमें उन दिक्कतों को दूर करने में सहायता मिलेगा। आज देखने में आ रहा है कि आजादी के बाद भी लगभग तीन लाख अनुसूचित जाति और जनजाति के पद रिक्त पड़े हैं, जिसमें विशेाकर क्लास-1 और क्लास-2 के पद हैं, इन्फोर्मेशन एंड टैक्नोलोजी के क्षेत्र में पद रिक्त हैं, साइंस के क्षेत्र में पद रिक्त हैं, आज इन सभी पदों को भरने की आवश्यकता है। जिस तरह से पिछले दस वर्षों के दौरान ग्लोबलाइजेशन और लिबरेलाइजेशन आया, उसके परिणामस्वरूप दलितों से नौकरियों के अधिकार दिन-प्रतिदिन छिनते जा रहे हैं।

हम यह भी मांग करना चाहेंगे कि जब से लिबरलाइज़ेशन और ग्लोबलाइज़ेशन आया है, उसके बाद एक व्हाइट पेपर जारी करके यह बताया जाए कि कितने दलित लोगों को रोज़गार के अवसर मिले। इसलिए अब लोगों की मांग आ रही है कि दलितों को प्राइवेट सैक्टर में भी आरक्षण प्रदान किया जाए। जब तक दलितों को प्राइवेट सैक्टर में आरक्षण प्रदान नहीं किया जाएगा, तब तक वे आर्थिक और सामाजिक न्याय प्राप्त नहीं कर सकेंगे।

आज दलितों की रक्षा के लिए स्पेशल कोर्टस बनाए जाने की आवश्यकता है और जो एट्रोसिटी प्रोन एरियाज़ देश के अंदर हैं, आज उनके अंदर विशे थाने और न्यायालय बनाये जाने की आवश्यकता है। जो ऐविडैन्स एक्ट है, उसमें परिवर्तन करने की मैं मांग करता हूं क्योंकि जब जब भी शैड्यूल्ड कास्ट्स और शैड्यूल्ड ट्राइब्ज़ के वर्ग के लोगों पर अत्याचार होते हैं और जब गवाह को कोर्ट में जाना पड़ता है तो उन पर इस तरह का दबाव पड़ता है, उसी के परिणामस्वरूप आज एक लाख केसेज़ अगर एक साल में दर्ज होते हैं, तो उनमें से 95 प्रतिशत केसेज़ में एक्विटल हो जाती हैं और बड़ी मुश्किल से पांच प्रतिशत लोगों को ही सज़ा मिल पाती है। अगर एविडैन्स एक्ट के अंदर तब्दीली की जाए और शैड्यूल्ड कास्ट्स के लोगों को प्रोटैक्शन दिया जाए तो इन अत्याचारों में बहुत कमी आ सकती है। â€¦ (व्यवधान)

सभापति महोदय : कटारिया जी, अब अपना स्थान ग्रहण करें।

श्री राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव : अभी तो इन्होंने शुरू ही किया है।

सभापति महोदय : आप नहीं बोलिये। पप्पू जी, आप क्यों बीच में बैठे हुए बोलते हैं? सदन का संचालन करने में आपको सहयोग करना चाहिए। अधिक से अधिक माननीय सदस्यों को इस चर्चा में भाग लेना है। आप सहयोग करेंगे तभी माननीय सदस्य भाग ले पाएंगे। आधे दर्जन माननीय सदस्यों की लिस्ट है।

श्री रतन लाल कटारिया : महोदय, नेशनल क्राइम रिकार्ड्ज़ ब्यूरो ने कहा है कि हम किसी इनडिविजुअल घटना की नोटिस नहीं लेते। यह जो आंकड़े आ रहे हैं, ये दलितों पर सामूहिक अत्याचार की घटनाएं हैं। अगर इनडिविजुअल घटनाओं को नेशनल क्राइम रिकार्ड्ज ब्यूरो नोटिस ले तो यह संख्या लाखों में पहुंच जाएगी।

मैं इस महान सदन में जो भी हमारे देश के कर्णधार हैं, जो भी देश को चलाते हैं, उन सबसे प्रार्थना करता हूँ कि दलितों पर अत्याचार के मुद्दे को किसी जाति से जोड़कर न लिया जाए बल्कि यह एक सामाजिक मुद्दा है और हम सबको मिलकर इस वर्ग की समस्याओं को कम करना चाहिए क्योंकि भारत का दलित समाज वास्त व में इस राट्र की रीढ़ की हड्डी है। अगर इस रीढ़ की हड्डी को कोई तोड़ने का प्रयत्न करता है तो वह इस राट्र को तोड़ने का प्रयत्न होगा।

SHRI PRAVIN RASHTRAPAL (PATAN): Thank you very much, Mr. Chairman Sir, for giving me an opportunity to speak.

I really thank my senior colleague, Shri Ram Vilas Paswan, who has set the tone of a very serious and important discussion in this House. However, I am extremely sorry that one of the speakers from the BJP has attempted to convert it into party politics.

I am going to speak on this very serious subject without attributing any motive to any party because, according to me, as far as the atrocity on Scheduled Castes is concerned, no political party is responsible. The entire responsibility lies on the social customs and beliefs which have the sanction from a particular religion. We must thank Mahatma Gandhi and Dr. B.R. Ambedkar. We must thank Jyotiba Phule and Vivekananda and many other social reformers of this country who, prior to Independence, were concerned and worried about one of the most social disability of crores and crores of people of this country, known as untouchability.

As I was to participate in this debate, I went through the debate of the Constituent Assembly as it took place while framing Article 17 of the Indian Constitution. It says: "Untouchability is abolished and any disability arising out of untouchability shall be punished under the law of the land." That Article of the Constitution was enacted on 26th January, 1950. But the then Parliament took five years to have an Act for the removal of untouchability. The Untouchability Offences Act came into existence in the year 1955. However, it was not working effectively because the very purpose of putting the Article into the Constitution by the Father of the Constitution was defeated as the courts were relieving one by one all those who were facing charges of the offences of untouchability.

I am extremely sorry to go on record that it was in this very Parliament that a great leader of the BJP argued that untouchability may be an offence but preaching untouchability is not an offence. It was spoken in this very Parliament....(*Interruptions*)

Then, I had an opportunity of having a direct dialogue with one of the Shankaracharyas ....(*Interruptions*) Please do

not disturb me. As I was saying, I had an opportunity of having a direct dialogue, rather a discussion, with one of the Shankaracharyas 25 years before in Ahmedabad in a meeting called by the Chambers of Commerce and Industry. I put a straight question to the great Shankaracharya like this: "What is your opinion about untouchability? Do you believe in untouchability or not?" The answer given by the Shankaracharya was: "I do not touch my own daughter when she is in menses time." This was the answer given to me. So, the very idea of purity or impurity is this. The Shankaracharya of this country is comparing crores of people belonging to the Scheduled Castes to a woman who is in menses. It was so according to a custom in a particular religion. A woman, when she is in menses, is untouchable to the family members. Similarly, what did the Shankaracharya mean? It means that the Shankaracharya did believe that the *dalits* are untouchable and it has got the sanction of the religion.

I went through the Parliamentary Debates held at the time of framing the Indian Constitution. The Father of the Nation, Mahatma Gandhi, has gone on record that he does not want to take birth again. I would like to quote the page number and everything. I quote from the Constituent Assembly Debates, Book No.2, Volume No.VII, from 4.11.1948 to 8th January, 1949. Shri V.I. Munuswamy Pillai from Madras, Dr. Monomohan Das from West Bengal, Shri Shantanu Kumar Das from Orissa, Shrimati Dakshayani Velayudhan and Shri K.T. Shah participated in the debate.(Pages 665 to 668). Mahatma Gandhi's wish was quoted. I quote:

> "I do not want to be reborn, but if I can reborn, I wish that I should be born as a Harijan, as an untouchable so that I may lead a continuous struggle, a lifelong struggle against the oppressions and indignities that have been heaped upon these classes of the people. "

This was the admission of the Father of the Nation. This very Constituent Assembly thanked Dr. B.R. Ambedkar for framing this very Article. It was in that very debate where another speaker has said:

What worst can happen? Shri Ram Vilas Paswan has said that Sikhs burnt pictures of Sant Ravi Das. Sant Ravi Das is one of the most important saints in Sikhism and his verses are included and given the best of place in the *Guru Granth Sahib*. What else can go wrong when these people of hard *Hindutva* and soft *Hindutva* induce our leaders and they are made to send *jathas* from Delhi to demolish the Babri Masjid as in 1992? Nothing can be worse than what is happening to Sikhism. The SGPC is responsible for looking after all these religious matters. The present Government is not holding elections to our SGPC which have been due for the last two years. If elections are held, we can settle all these things, all these evil influences which have crept up into Sikhism and we can give justice to everybody. I would like to know from the hon. Deputy Prime Minister and the Minister of Home Affairs − the Ministry which is meant to conduct these elections - as to why the elections are not being conducted to the SGPC?

Then, there has been a long-standing demand of the Sikhs that we should not be included as a part of Hindu religion. Article 25 of the Constitution includes Sikhs within the fold of the Hindu religion. The Hindu religion is a great religion. But we are a separate people; we have a separate history, we have a separate diction and we have a separate culture. I do not see how we have been affixed by the fathers of the Constitution and bracketed with the Hindu religion under article 25.

The NDA Government has set up a Commission which they have called the Constitution Review Committee. It has suggested that article 25 should be amended forthwith and the Sikhs should be excluded from the fold of Hinduism. I do not know what happened to this proposal? I have written to the hon. Deputy Prime Minister, hon. Minister of Law and Justice and to various Ministers as to why do they not introduce an amending Bill to the Constitution to separate us once and for all.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Please conclude now.

SARDAR SIMRANJIT SINGH MANN : Yes, Sir. I am concluding in two minutes.

We pray to the *dalit* leaders who are interested in an egalitarian society, a casteless society to back us because whenever things go wrong in Sikhism, there is a reformist movement which takes place. In the 19th century and the 20th century the *Singh Sabha* movement grew up. I want that this movement should grow up again and the *dalit* leaders should give us support and the forces of *Hindutva* should not interfere in the internal matters of the Sikh religion.

Sir, with regard to what happened at Tallan, I would like to say that we have remedied the things and I think that the Gurudwara has got *Dalits* into its Management Committee. But for whatever wrongs had been done to the Dalits amongst the Sikhs, as a representative of the Sikhs and as a member of the SGPC, I make an unconditional apology to the *Dalit* people.

Lastly, the strength of the Sikh religion is so great that though a *Dalit* was shot dead by the bullets of the brutal police at Tallan, nobody changed his religion; nobody went out of the fold. The strength of the Sikh religion is that those Sikh *Dalits*, those martyrs wanted to be a part of the Sikh religion and they fought unto death and martyrdom for this cause, whereas at Jhajjar, when five innocent Dalits were killed, they held meetings and some joined the ranks of Islam; some converted to Christianity; and some went to the fold of Budhism, but today, despite the ills that have crept into it, Sikhism is still a strong religion for a casteless society.

I wish that like the Congress which had helped the Nirankaris' schismatic growth, the present Government will not allow people of its own liking and will hold elections to the SGPC -- and not wait till Shri Badal and Shri Tohra can get elected, and till their stooges can win the confidence of the Sikh electorate -- to the SGPC.

श्री सालखन मुर्मू (मयूरभंज) : उपाध्यक्ष महोदय, देश के विभिन्न क्षेत्रों में दलितों पर हो रहे अत्याचार और अन्याय पर चल रही बहस पर मैं आपकी अनुमति से कुछ मुद्दे संक्षिप्त रूप में रखना चाहता हूं। सबसे पहले मैं इस बहस को लाने के लिए माननीय श्री राम विलास पासवान का तहे दिल से धन्यवाद करना चाहता हूं। उन्होंने जिस अच्छे तरीके से इस विाय को यहां पर रखा है, वह भी तारीफे-काबिल है।

मैं दो भाग में अपनी बात को रखना चाहूंगा। पहला, झारखंड राज्य में एस.सी./ एस.टी. के ऊपर जो अत्याचार हो रहे हैं, वे अत्याचार झज्जर की तरह नहीं हैं कि कुछ लोग मारे गये। यह हो सकता है कि ये अत्याचारों लाँग रन में वहां के लोगों को भारी नुकसान पहुंचाये। इसका पहला उदाहरण मैं आरक्षण की नीति के संबंध में देना चाहता हूं। झारखंड नवगठित प्रदेश है इसलिए वहां नये तरीके से आरक्षण की बात उठी। वहां अभी भी इस विाय का कोई न्यायसंगत तरीके से हल नहीं निकला है। झारखंड एक ऐसा प्रदेश है जहां एस.सी./ एस.टी., ओ.बी.सी. की आबादी लगभग 90 प्रतिशत है। पूरे देश में साधारणतः एस.टी आबादी. का साढे. 7 प्रतिशत, एस.सी. का 14 प्रतिशत और ओ.बी.सी. का 27 प्रतिशत औसत है। इन् सबका योग 50 से कम प्रतिशत बनता है। उस आधार से 50 प्रतिशत से ज्यादा आरक्षण न देने की बात तो समझ में आती है लेकिन झारखंड में आदिवासियों की संख्या साढ़े 7 प्रतिशत की जगह 30 प्रतिशत है। इसलिए उन्हें इसको 50 प्रतिशत से आगे बढ़ाना पड़ेगा।

आज की परिस्थिति में हम लोग संसद में विचार कर रहे हैं कि राजस्थान में अगड़ी जातियों को आरक्षण दिया जाये। लेकिन झारखंड की स्थिति यह है कि यदि आप वहां 90 प्रतिशत लोगों की जगह पर 50 प्रतिशत लोगों को आरक्षण देंगे तो उनको न्याय नहीं मिलेगा। चूंकि आरक्षण का उद्देश्य ही यही है कि जो लोग सामाजिक और शैक्षणिक दृटि से पिछड़े हुए हैं, उनको आगे लाना है।

जिस राज्य में उनकी आबादी इतनी ज्यादा है, उनको आप कैसे कम करेंगे जबकि इस देश में तमिलनाडू जैसे राज्य में अभी भी 69 प्रतिशत आरक्षण जारी है। इन कारणों से झारखंड में आज जो सरकार चल रही है, उसने 73 प्रतिशत आरक्षण घोाित कर दिया था लेकिन अब 50 प्रतिशत कर दिया। इससे वहां भारी असंतोा है। लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि जिस शासक दल के साथ यह हो रहा है, उसकी कोई पोलीटिकल विल नहीं है कि एससी, एसटी और ओबीसी के लोगों को आरक्षण के जरिए न्याय दिया जाए। दुर्भाग्य की बात यह भी है कि प्रमुख विपक्षी दल - चाहे कांग्रेस हो या झारखंड मुक्ति मोर्चा, वे भी नहीं चाहते। 73 प्रतिशत से घटकर 50 प्रतिशत आरक्षण हो गया लेकिन अब तक किसी पार्टी ने न कोई हाय-तौबा मचाई, न आंदोलन किया और न ही असैम्बली में लड़ाई-झगड़ा हुआ। मुझे लगता है कि उस राज्य के एससी, एसटी और ओबीसी के लोगों के लिए दूरगामी रूप से बहुत बड़ा अत्याचार होने वाला है। वहां अब लोगों में जो असंतोा खड़ा हो गया है, उसे वहां की सरकार लाठी और बंदूक से जनतांत्रिक आंदोलन करने वाले लोगों की आशा और अभिलााओं को दबाने का काम कर रही है और नक्सलाइट के नाम पर आदिवासी लोगों को मार रही है। इस प्रकार की कार्यवाही को रोकना पड़ेगा। मुझे लगता है कि इस मामले पर केन्द्र सरकार और संसद को भी हस्तक्षेप करना पड़ेगा क्योंकि केन्द्र सरकार की अनुशंसा पर संसद ने नए राज्य का गठन किया है। यदि उस राज्य के लोगों की आशा और अभिलााएं पूरी नहीं होंगी तो धीरे-धीरे राज्य में जो पोटैंशियल है, चाहे खनिज हो, वन, जल या जन सम्पदा हो, उसमें बहुत बड़ा गोलमाल हो सकता है। इसलिए इस बारे में पार्लियामैंट, केन्द्र सरकार, सभी प्रमुख दलों और नेताओं को विचार करना पड़ेगा।

आजादी के पचास वर्ाों बाद भी हम बिहार को दोा देते रहे कि बिहार ने हमेशा इस क्षेत्र का शोाण किया लेकिन दुर्भाग्य से झारखंड में दो बड़े कानून अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे हैं - एक, छोटा नागपुर टेनैंसी एक्ट और दूसरा, संथाल-परगना टेनैंसी एक्ट है।â€¦ (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Salkhan Murmu, if your speech is lengthy, then I would request you to place it on the Table of the House.

SHRI SALKHAN MURMU : I am not making it lengthy. I am only speaking the facts.

MR. DEPUTY-SPEAKER: I am only telling you that if you want more time like Shri Manjhi, you can place your speech on the Table, and the entire speech will be on the record.

SHRI SALKHAN MURMU : Sir, these are issues that should be given more time. I agree, and I know that we are having time constraints. But, I think, these are issues, which this House should know.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Yes, please, you can go ahead.

श्री राम विलास पासवान : उपाध्यक्ष महोदय, इनको बोलने दीजिए। ये अच्छी बात बोल रहे हैं।â€¦ (व्यवधान) एससी के लोग ज्यादा बोले हैं लेकिन एसटी के लोग कम बोले हैं। इसलिए इनको बोलने दें।

उपाध्यक्ष महोदय : मैं ज्यादा इंटरस्टेड हूं।

श्री सालखन मुर्मू : मैं ज्यादा समय नहीं ले रहा हूं और जो कह रहा हूं, वे फैक्ट्स हैं, कोई मनगढंत बात नहीं कर रहा हूं या किसी पार्टी पर आरोप नहीं लगा रहा

हूं।â€¦ (व्यवधान)

झारखंड क्षेत्र में अंग्रेजों के विरुद्ध सिदो मुर्मू के नेतृत्व में बहुत बड़ा संथाल विद्रोह 1855-56 में हुआ जिसके कारण अग्रेजों को पता लगा कि आदिवासी हमसे क्यों लड़ते हैं। उन्होंने महसूस किया कि आदिवासी अपनी जमीन और जंगल से प्यार करते हैं। वे अपनी स्वशासन पद्धति को प्यार करते हैं और वहां किसी बाहरी दखल को बरदाश्त नहीं करते। इसी प्रकार बिरसा मुंडा के नेतृत्व में भी 1895 से 1900 के बीच बहुत बड़ा आंदोलन हुआ। दो बड़े आदिवासी विद्रोह अंग्रेजों के विरुद्ध होने से अंग्रेजों ने दो बड़े कानून बनाए कि वहां के आदिवासियों को उनकी जमीन से बेदखल न किया जा सके। लेकिन आज की सरकार ने कमेटी बना दी कि उन दोनों कानूनों को खत्म कर दिया जाए। अगर कानून खत्म हो जाएगा तो वहां आदिवासी नहीं मिलेंगे। उनकी जमीन को लोग हड़प लेंगे, खरीद लेंगे। आज दोनों कानून हैं, इसके बावजूद उनकी लाखों हैक्टेयर जमीन छीन ली गई है, सरकारी पदाधिकारी बेईमानी करके जमीन को हस्तांतरित कर चुके हैं। उन जमीनों को आदिवासी लोगों को देना चाहिए लेकिन सरकार इस मुद्दे पर कुछ नहीं कर रही है।

बल्कि सरकार ने अपना एक नया ाडयंत्र शुरु किया है कि हम दोनो कानूनों को ही खत्म कर देंगे। यदि ऐसी स्थिति आएगी तो समझ लीजिए कि झारखंड में और आदिवासी नहीं मिलेगा। दूसरे, एक बड़ी विपदा यह आई है कि जंगलों से भी आदिवासियों को भगाओ। अब उस पर केन्द्र सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक लोगों को नोटिस दे दिया है। अभी झारखंड में सारंडा का जंगल एशिया में प्रसिद्ध है और उसमें कोल्हान के क्षेत्र में,पोड़ाहाट के क्षेत्र में जो आदिवासी लम्बे समय से रहते थे, आज उनको हटाने की कार्यवाही शुरू हो गई है। मैं यह कहना चाहता हूं कि इससे ज्यादा दलित और आदिवासियों पर क्या अत्याचार हो सकता है कि उनको जमीन पर बने रहने की जगह पर उनको जमीन से हटाने की बात हो रही है। पचास साल में उनका केवल विस्थापन हुआ है। मुझे ऐसा लगता है कि एक दिन में पांच लोग नहीं मारे जाएंगे लेकिन धीरे-धीरे ये लोग खत्म हो जाएंगे और इससे एक निर्का यह दिखता है कि आंकड़ों पर हर दस साल में आदिवासियों की आबादी झारखंड में घट रही है जबकि पूरे देश में आबादी बढ़ रही है। ऐसा नहीं है कि आदिवासियों के बच्चे पैदा नहीं हो रहे हैं। चूंकि उनको पलायन विस्थापन के लिए मजबूर किया जा रहा है और बाहर से आबादी बाढ़ की तरह यहां आ रही है तो आनुपातिक रूप से उनकी आबादी का प्रतिशत घट रहा है। इन चीजों पर केन्द्र सरकार को, बड़ी पार्टीज को और इस संसद को ध्यान देना चाहिए।

दूसरी बात मैं कहना चाहता हूं कि 2002 के प्रारम्भ में झारखंड हाइ कोर्ट ने लगभग 5000 क्लर्क और चपरासियों की नियुक्ति की और सभी जिला न्यायालयों में उनको भेज दिया और इन नियुक्तियों में एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण का कोई नियम लागू नहीं हुआ तथा बिना नियम के नियुक्ति हो गई। इसका ि वरोध हम लोगों ने, खासकर हमने किया और सिंहभूम के जिला न्यायाधीश से भी मिलना चाहा कि ये नियुक्तियां बिना आरक्षण के नियमों का पालन किये हुए कैसे और क्यों हुई तो हमें गिरफ्तार कर लिया गया। हमारे तमाम साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद हमने आमरण अनशन किया कि इसकी सफाई किसी न किसी को देनी होगी। हमने राट्रपति जी, राज्यपाल जी को लिखा तथा हमने एस सी एस टी नेशनल कमीशन को भी लिखा लेकिन आज तक न उसका ज वाब आया और न उसकी जांच हुई।

यह दूसरी घटना है। इससे बड़ा अन्याय क्या होगा कि क्लर्क और चपरासियों के लिए वहां लोग उपलब्ध हैं लेकिन एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण के नियम का पालन किये बिना यह काम हुआ है। इससे यह स्पट होता है कि झारखंड हाइ-कोर्ट न्यायालय भी इतना बड़ा अन्याय कर सकता है। ये दो घटनाएं मैंने झारखंड के संबंध में आपके सामने रखीं। अब मैं चार-पांच राज्यों के संदर्भ में जो आदिवासी राज्य हैं, जैसे झारखंड, बंगाल, उड़ीसा, आसाम और बिहार के कुछ क्षेत्र- भागलपुर, पूर्णिया तथा कटिहार आदि हैं। इन क्षेत्रों में भी काफी बड़ी आबादी आदिवासियों की रहती है। बाकी दलित और पिछड़ी जातियों के लोगों के संदर्भ में 19 तारीख को भारत के राट्रपति को हमने ज्ञापन दिया है। तीन विाय रखे हैं जिनको मैं संक्षेप में रखना चाहता हूं। भारी अन्याय का मामला है। भारत के संविधान में भााओं को मान्यता देने के लिए 8वीं अनुसूची में लाने का प्रावधान है। पूरे भारत में आज तक एक भी आदिवासी भाा को 8वीं अनुसूची में शामिल नहीं किया गया है । जबकि 18 शामिल भााओं में 6 ऐसी भाएं हैं जिनको बहुत कम लोग बोलने वाले हैं। तब भी नेपाली, मणिपुरी, कोंकणी, सिंधी, सांस्कृति और कश्मीरी भााओं को मान्यता मिल गई और तब क्राइटीरिया नहीं था, कोई मानदंड नहीं था। जबकि पूरे भारत में संथाल जाति के लोग सर्वाधिक हैं और उस भाा को बोलने वाले लोगों की संख्या आदिवासियों में सबसे ज्यादा है।

जब मैं 12वीं लोक सभा में सदस्य बना तो मैंने संथाली भाा को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल करने का मामला कई बार उठाया। उसके बाद 13वीं लोक सभा में भी यह मामला उठाया, लेकिन हर बार गृह मंत्रालय की तरफ से तथा संसद में भी यही उत्तर दिया जाता रहा है कि एक हाई-पावर बॉडी का गठन किया जाएगा, एक क्रिटीरिया इवोल्व किया जाएगा और ऐसे तमाम मांगों पर विचार किया जाएगा। लेकिन अभी अचानक बोडो भाा को संविधान की अनुसूची में शामिल करने का एक बिल संसद में हाजिर हो गया। बोडो भाा-भाियों की आबादी मुश्किल से 10-12 लाख है जबकि संथाली भाा बोलने वालों की आबादी 100 लाख से ज्यादा है। संथाली भाा बोलने वालों की संख्या आसाम में, बंगाल में, उड़ीसा में, बिहार में, झारखंड में और यहां तक की त्रिपुरा में भी है। हमारी भाा को मान्यता नहीं मिलने से हो क्या रहा है कि शिक्षा और साक्षरता में हम कभी आगे नहीं बढ़ सकते हैं। हमारे लिए बंगला, उड़िया और हिंदी भाा विदेशी भाा की तरह है। इसलिए हमारे बच्चों का ड्रॉप-आउट रेट सबसे ज्यादा है। स्कूल में उनको बातें समझ में नहीं आती हैं। घर में एक भाा में बात करते हैं और स्कूल में दूसरी भाा में बात करते है। इसलिए इन्फीरिओरिटी कम्पलैक्स महसूस करने के कारण वे शिक्षा के क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। अगर वे अपनी भाा में प्राथमिक कक्षा से लेकर मैट्रिक कक्षा तक पढ़ेंगे तो ज्यादा तरक्की करेंगे। कम से कम मैट्रिक तक बंगला भाी लोगों के बच्चे जैसे बंगला में पढ़ते हैं, उड़िया भाी उड़िया में पढ़ते हैं, उनकी तरह वे भी मैट्रिक तक पढ़ सकेंगे। अगर ऐसा होगा तो उनकी जिंदगी में एक बड़ा चमत्कार आ सकता है। जब हम शिक्षित ही नहीं होंगे, तो विकास के रास्ते पर बढ़ेंगे कैसे? बाकी लोगों को आपने मौका दे दिया। पूरे भारत के लोग अगर हिंदी ही पढ़ते तो भी हम मान लेते। आपने बाकी के लोगों के लिए उड़िया, बंगला, तमिल, तेलुगू में सुविधा दी है। You have given recognition to all the regional languages. Then what wrong we have done? भारत में आधी शताब्दी तक भी हमारी एक भी भाा को मान्यता नहीं मिली। मेरी मांग है भारत सरकार से और इस संसद से कि संथाली भाा को भी संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल किया जाए। इसी के साथ-साथ हो, मुंडा और कुड़ू.ख भाा भी आदिवासी भाएं हैं, इनको भी संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल करने पर विचार होना चाहिए।

दूसरा मुद्दा हमारे धर्म का है। जैसे मान साहब ने सिख धर्म के बारे में कहा। हम आदिवासी प्रकृति-पूजक हैं। सन् 2001 की जनगणना में हमने रजिस्ट्रार जनरल से भी मुलाकात की, झारखंड के मुख्यमंत्री को भी लिखा और पार्लियामेंट में भी मैंने यह बात उठाई कि जब बौद्ध और जैन धर्म के लोग जिनकी आबादी बहुत थोड़ी है उनको भी मान्यता दी गयी है तो हमें यह अधिकार क्यों नहीं दिया जाता है। क्योंकि हम न हिंदू हैं न क्रिश्चियन हैं, हम लोग प्रकृति-पूजक हैं। आदिवासियों की बड़ी विशिट धार्मिक पूजा-पद्धति, संस्कार और कर्म-कांड हैं। संविधान में आर्टिकल 25(1) के तहत सभी भारतीयों को अपनी धार्मिक पद्धति को बचाने और बढ़ाने का अधिकार है। लेकिन यह हक हमें नहीं दिया गया है। यह हक भी हमें मिलना चाहिए।

तीसरी बात शैड्यूलिंग का मामला है। आसाम के चाय-बागानों में झारखंड के संथाल, मुंडा, हो,

उरांव 200 साल पहले वहां झारखंड से अंग्रेजों द्वारा ले जाए गये। ये लोग झारखंड क्षेत्र में अंग्रेजों के साथ लड़ते रहे। इसलिए अंग्रेजों ने स्ट्रेटेजिक प्लान के अंतर्गत सोचा कि इनको आसाम ले चलो। चाय की खेती कराएंगे, कुछ खाना खिलाएंगे और इस प्रकार से उनकी लड़ने की क्षमता को घटाएंगे। यही उनका मकसद था। इसी प्रकार से भारतीयों को मॉरिशस, फिजी, त्रिनिनाड ले जाया गया, लेकिन दुर्भाग्य यह है कि आज 200 साल हो गये, इन आदिवासियों की आबादी करीब 50 लाख है लेकिन इनको न आदिवासियों का दर्जा दिया गया, न उन्हें असमीज का दर्जा मिला।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Hon. Minister, please note. The hon. Member is making a very important point.

24.00 hrs.

श्री सालखन मुर्मू (मयूरभंज) : ऐसे ही लोग फिजी और मोरिशस में जाकर वहां के नागरिक बनें और राट्रपति व प्रधान मंत्री का दर्जा भी प्राप्त कर रहे हैं। लेकिन हमारे लोग जो 200 वर्षों से देश की इकोनोमी में सहयोग कर रहे हैं, उनको आदिवासी का दर्जा नहीं दिया गया है। इस सदन के माध्यम से मेरा आग्रह है कि उन लोगों को आदिवासी की सूची में अविलम्ब शामिल किया जाए।

इन शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, इस समय रात्रि के 12 बज गए हैं और नियम 193 के अन्तर्गत श्री रामविलास पासवान जी द्वारा प्रस्तुत देश के विभिन्न भागों में दलितों पर हो रहे अत्याचारों के बारे में चर्चा जारी है। मैं कहना चाहता हूं कि इस विाय पर सरकार सीरियस नहीं है, अपोजीशन के लोग भी उतने सीरियस नहीं है । सदन में दलित समाज से 118 सदस्य हैं और छः या सात जनरल कैटेगरी से हैं, कुल मिलाकर 123-124 सदस्य भी सदन में उपस्थित नहीं है। दो-तीन बार सदन में यह विचार प्रकट किया गया कि इस विाय पर चर्चा सदन में दिन में होनी चाहिए। खाली चर्चा से ही फायदा नहीं है, इस चर्चा का जवाब भी प्रधान मंत्रीजी द्वारा देने की आवश्यकता है। श्री सत्यनारायण जटिया जी सदन में उपस्थित हैं और उनको जब तक अधिकार नहीं मिलता है, तो वे ही रिप्लाई देंगे।

महोदय, दलित समाज की भलाई के लिए पार्टियां विचार करती हैं और कहा जाता है कि अनटचेबिलिटी खत्म होनी चाहिए और इन लोगों को न्याय मिलना चाहिए, लेकिन न्याय देने वाले लोग ही न्याय नहीं देंगे, तो न्याय नहीं मिलेगा। मेरे विचार से पार्टी से बाहर जाकर इस पर चर्चा करने की आवश्यकता है। भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, सीपीआई, पासवान जी की पार्टी और हमारी पार्टी, सभी पार्टियों में दलित समाज को न्याय देने के लिए बहुत सारे लोग हैं। मै बताना चाहता हूं, अनटचेबिलिटी खत्म करने के लिए कितने लोगों में परिवर्तन हुआ है। मान लीजिए, एक गांव में 10 हजार लोग हैं और इन लोगों में से 100 लोग बदले हैं, तो 9900 लोग कास्टिज्म को मानते हैं और अत्याचार करते हैं। किसी गांव में लड़के-लड़की में प्यार हो जाता है, दलित लड़की और सवर्ण लड़का, तो गांव के लोगों को उनकी शादी के लिए आगे आना चाहिए, अगर हमें कास्टिज्म को खत्म करना है। दो दिल एक साथ आ जाते हैं, तो उनको एक साथ करने की आवश्यकता है। वास्तव में यह होता है कि सवर्ण जाति के लोगों का बायकॉट होता है और दलित वर्ग के लोगों के मकान जला दिए जाते हैं। बहुत बार तो ऐसा होता है कि लड़की को मार दिया जाता है।

श्री राम विलास पासवान : उनको फांसी पर लटका दिया जाता है।

श्री रामदास आठवले : जब हमारा वक्त आया, तो हमने ब्राहमण लड़की से शादी की, लेकिन हमें मारने के लिए कोई नहीं आया, क्योंकि वे जानते थे कि मैं बहुत खतरनाक आदमी हूं। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि अगर समाज को हमें एक साथ लाना है, हिन्दू धर्म को सुधारना है, तो हिन्दू धर्म में जो कास्टिज्म की भावना है, उसे हमें खत्म करना चाहिए। बाबासाहिब अम्बेडकर जी ने कहा था कि हम हिन्दू धर्म से प्रेम करने वाले लोग हैं, लेकिन जब तक समानता नहीं मिलती, अधिकार नहीं मिलते, हक नहीं मिलते, तब तक हम इस धर्म को कैसे मानेंगे।

इसलिए बाबा साहेब अम्बेडकर ने हिन्दू धर्म को छोड़ दिया। यदि आप हिन्दू धर्म को बचाना चाहते हैं और दलितों को न्याय देना चाहते हैं तो â€¦ (व्यवधान) वहां हैं शीशराम रवि और यहां हैं एक कवि। इसमें किसी पार्टी का सवाल नहीं है। यदि आपकी पार्टी बहुत इस दिशा में अच्छा काम कर रही होगी तो वह हमें इस बारे में बताएगी। श्री अटल बिहारी वाजपेयी बताएं कि वह दलित लोगों पर हो रहे अत्याचार को खत्म करने के लिए क्या करने जा रहे हैं? वह इस बारे में एक ऑल पार्टीज मीटिंग बुलाएं और सभी पार्टियों के लीडर्स के साथ चर्चा करें। यदि सभी पार्टियां चाहेंगी तो एक भी व्यक्ति अत्याचार नहीं कर सकेगा। जो कोई अत्याचार करे, उसे पार्टी से निकाल देना चाहिए। यदि इस तरह का काम हम करेंगे एक साल में सब कुछ ठीक हो जाएगा। मैं आपसे और प्रधान मंत्री जी से अपील करता हूं कि वह सभी पार्टियों की एक मीटिंग बुलाएं। यदि दलित आदिवासियों को न्याय देना है तो 5-10 या 15 साल के बाद दलित समाज का प्रधान मंत्री होना चाहिए, दस साल के बाद दलित समाज का मुख्यमंत्री होना चाहिए वरना हमारा नम्बर लगना बहुत मुश्किल है। यदि दलित आदिवासी लोग इकट्ठे हो जाते हैं तो यह काम हो सकता है। आज हमारी आबादी 30 प्रतिशत है। बाकी के थोड़े से लोग हमारे साथ आ जाएंगे तो हमारा प्रधान मंत्री बन सकता है लेकिन दुर्भाग्य से हम लोग इकट्ठे नहीं होते हैं। जटिया जी, हमारी मांग है कि आप इस तरफ ध्यान दें। अत्याचार का कारण आर्थिक तो है ही। गांव में कोई मोटर साइकिल या मारुति गाड़ी लेता है या कोई आईएएस या आईपीएस बनता है तो भी उनके घर में अत्याचार होते हैं। कॉस्टिस्ट मैनटैल्टी किसी को अच्छी नहीं लगती है। आर्थिक सुधार होने से अत्याचार खत्म नहीं होते हैं और कास्टिज्म खत्म नहीं होता है। प्रॉपटी पर सीलिंग लगाने की आवश्यकता है। हमारा बैकलॉग पूरा करने की आवश्यकता है। लोक सभा में हम लोगों का जो बैकलॉग है, उसे देखने की आवश्यकता है। लोक सभा और राज्य सभा में हमारी पर्याप्त संख्या नहीं है। लोक सभा में बैकलॉग पूरा नहीं होगा तो दूसरी जगह कैसे होगा? हम कानून बनाते हैं लेकिन उसे ठीक ढंग से इम्पलीमैंट करने की आवश्यकता है। इस समय ज्यादा बोलना भी ठीक नहीं है क्योंकि बारह बज गए हैं। â€¦ (व्यवधान) दलितों के जीवन में हमेशा बारह बजाने का प्रयास हुआ है। â€¦ (व्यवधान) केवल बाजा बजाने से काम नहीं चलेगा। इस क्षेत्र में एक साथ आने की आवश्यकता है। राम नाईक जी भी हमारे साथ हैं। आप इस समय जाग रहे हैं। हमें इस समय जागने वाले मंत्री की आवश्यकता है। आप हमारे लिए जाग रहे हैं। पाटील जी के मित्र दलित समाज के हैं। आप बहुत अच्छे लोग हैं। लेकिन इतने अच्छे लोग उधर क्यों हैं? â€¦ (व्यवधान)

श्री राम नाईक : आप यहां आ जाइए।

श्री रामदास आठवले : उधर आने का अभी सवाल नहीं उठता। आप इधर आइए और हम उधर आएंगे। आपको 312 वोट मिले हैं। एक वोट कम मिलने की आवश्यकता थी। 311 वोट मिलने की आवश्यकता थी। मेरी मांग है कि दलित आदिवासी समाज के लिए एक पंचवर्षीय योजना बनायी जाए। उनके लिए एक साल में .एक लाख करोड़ रुपये की योजना बनाने की आवश्यकता है। यह काम आपको करना चाहिए। मेरे पास काफी आंकड़े हैं लेकिन उनसे काम नहीं चलेगा। हर साल कम से कम 30 हजार दलितों और आदिवासियों पर अत्याचार होते हैं। जब से आपकी सरकार आई है तब से एक लाख पचास हजार अत्याचार ऐसे लोगों के ऊपर हुए हैं।

मैं बता रहा हूं कि यह सालभर से बढ़ रहा है, इसलिये दलितों पर अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं। हम लोगों को इस पर विचार करने की आवश्यकता है। दलितों पर अत्याचार करने वालों के खिलाफ पोटा लगाना चाहिये, यह मेरी मांग है। अभी श्री वैको डेढ़ साल से पोटा में बंद हैं, उन्हें नहीं छोड़ना चाहिये। वे छोड़ नहीं रहे हैं। मेरा ख्याल है कि यदि पोटा लगाने की घोाणा हो जाये तो दलितों पर अत्याचार होने बंद हो जायेंगे।

उपाध्यक्ष महोदय, मेरा एक सुझाव यह है कि एस.सी.एस.टी. की पापुलेशन के हिसाब से स्पेशल कम्पोनेंट प्लान का पैसा खर्च किया जाना चाहिये।

उपाध्यक्ष महोदय : अब आप कविता के साथ अपना भााण समाप्त कीजिये। मंत्री जी उत्तर के लिये इंतजार कर रहे हैं।

श्री रामदास आठवले : दलितों का हो रहा है शोाण, हमारा चल रहा है भााण। यदि शोाण कम होता है तो बहुत अच्छी बात है।

उपाध्यक्ष महोदय : आपके मंत्री इंटरवीन कर रहे हैं। वे भी कवि हैं।

श्री रामदास आठवले : उपाध्यक्ष जी, मैं अपनी कविता पढ़ता हूं :-

'दलितों को अगर, आप सतायेंगे,

दलितों पर अत्याचार की कहानी हम सारे देश को बतायेंगे,

आपका जवाब होने दो, तब हम सब अपने विचारो को जतायेंगे,

और अत्याचार करने वालों को सतायेंगे।

ऐसा वक्त आ सकता है मैं सुना रहा हूं

सारे देश को दलित अत्याचारों का किस्सा,

हमें कभी नहीं मिला है बराबरी का हिस्सा,

दलितों को अगर आ जायेगा गुस्सा,

तब हम छीन कर लेंगे अपना हिस्सा।'

मंत्री जी कवि हैं, कोई साहित्यकार है, इसलिये हम सब लोगों को इकट्ठा होना होगा, एक साथ लड़ना होगा और अत्याचार प्रवृत्ति को खत्म करना होगा। हमें देश को मजबूत बनाना होगा तो कास्टिज्म खत्म करना होगा। पार्टी से ऊपर उठकर हमें इस विाय पर गंभीरता से विचार करना चाहिये। मैं सरकार से इस मामले पर आश्वासन लेना चाहता हूं। अगर श्री वाजपेयी जी उत्तर देते हैं तो ठीक है और तभी पार्टी की मीटिंग करने की आवश्यकता है। इस विाय पर विचार करना चाहिये।

उपाध्यक्ष जी, श्री पासवान जी ने इस सदन में दलितों के मुद्दे को उठाया, मैं उसकी पूरा सपोर्ट करता हूं लेकिन सरकार की सपोर्ट नहीं करूंगा। सरकार को दलित समाज को न्याय देने के लिये कुछ विशेा प्रोग्राम बनाने की आवश्यकता है। भूमि सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत जमीन इन लोगों को दिये जाने की आवश्यकता है।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं श्री पासवान जी के इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री (डॉ. सत्यनारायण जटिया) : उपाध्यक्ष महोदय, नियम 193 के अंतर्गत यह विचार-विमर्श किसी निर्का पर पहुंचे, इसलिए यह बहस हो रही है। श्री राम विलास पासवान जी ने जो मुद्दे उठाये हैं, उनसे सबका सरोकार है, क्योंकि हम लोकतंत्र हैं, गणतंत्र हैं और स्वतंत्रता सब लोगों तक जानी चाहिए, यह हमारा विश्वास है। निश्चित रूप से यह बात समझ से परे है कि मनुय से मनुय का विभेद करने की परम्परा क्यों रूढ़ हो गई है। मंत्री का दायित्व होने के नाते मुझे बोलने के लिए बहुत ज्यादा मौका नहीं है। चूंकि मुझे इस काम को करने का पिछले कई वार्षों से सामाजिक जीवन के रूप में 40 वार्षों का अनुभव है, जब से मैं काम करता आ रहा हूं तो अनेक प्रकार की परिस्थितियों का अनुभव करते हुए मुझे यह बात समझ में नहीं आई कि इंसान ने इंसान के बीच में फर्क कैसे कर लिया। आज तक भी जो सब कुछ होता है, मुझे अमानवीय विसंगति के रूप में, मानव की विसंगति के रूप में दृटिगोचर होता है। किन्तु लोगों ने इसे स्वीकार कर लिया है। इस बहस को चलते हुए भी बहुत समय हुआ है और इस प्रकार की बहस सुनने का मुझे बहुत बार मौका मौका मिला है। लोक सभा में 1980 में चुनकर आने के कारण और उसके पहले विधान सभा में रहने के कारण भी इन सारी बातों का अध्ययन करने का मौका मुझे मिला है। किंतु ऐसी क्या बात है, जो बहस हम करना चाहते हैं, उसकी सारी कोशिश करने के बावजूद भी हम उन लोगों का समाधान नहीं करा पा रहे हैं, जिनके लिए हमने नियम और कानून बनाये हैं। मेरा फर्ज है कि मंत्री के नाते जो-जो काम हमने किये हैं वे बातें मैं यहां पर कहूं। निश्चित रूप से जो भारत का संविधान है, हम सब जानते हैं जिसका प्रीएम्बल है और जिसकी शुरूआत 'हम भारत के लोग" We, the people of India से होती है। आज भारत की आबादी लगभग 107 करोड़ हो रही है, जैसा कि मैं रोज जनसंख्या की घड़ी को देखता हूं, उस आधार पर 107 करोड़ में से किसी एक को भी किसी से कम प्रतिठा में, सम्मान में नहीं आंका जाना चाहिए। किंतु सामाजिक और शैक्षिक भेद के आधार पर उसके पीछे रह जाने के कारण निश्चित रूप से सामाजिक विभेद हैं। सामाजिक विभेद क्यों हुआ है, यह कुछ ऐसा रूढ़ हो गया है, जिसका हम किसी को दोा देना चाहें तो जरूर हर किसी को दे सकते हैं। अच्छाई ढूंढना चाहें तो अच्छाई ढूंढ सकते हैं और यदि कमी ढूंढना चाहें तो उसके लिए भी हम स्वतंत्र हैं। किंतु कुल मिलाकर इस देश के बारे में जब हमने हम कहा है तो इसे कमजोर करने वाली कोई बात भी हमें स्वीकार नहीं करनी चाहिए। किंतु हम लोकतांत्रिक देश में हैं और लोकतांत्रिक देश में होने के नाते हमारे पास जो-जो भी तर्क हैं, उन्हें हम अपनी तरह से प्रस्तुत करने का काम करते हैं और उसका अच्छे से अच्छा पक्ष रखने का काम करते हैं। जो बहस हुई है, उसमें सारी बातों का आधार सामाजिक न्याय था। चूंकि यह बहस एट्रोसिटीज पर है और एट्रोसिटीज के विरुद्ध जो नियम-कानून बने हुए हैं, इसके लिए हमने संसद से जो कानून बनाकर दिये हैं, वे सारे कानून आज हैं। कानून इसलिए बनाये जाते हैं ताकि लोगों को प्रोटैक्शन मिले। यदि कोई ऐसा काम करता है जो कानून के विरुद्ध है, समाज के नियमों के विरुद्ध है, संविधान के विरुद्ध है तो उस व्यक्ति को सजा मिले, शिक्षा मिले। किंतु इन कानूनों का पालन करने के लिए जिन्हें जिम्मेदार बनाया गया है, उनकी भी जवाबदारी है। हमारे जवाबदारी संयुक्त रूप से है, ज्वाइंट रिस्पांसिबिलिटी है और जो-जो दायित्व जिसके पास है, यदि वह ईमानदारी से काम करेगा तो परिणाम जरूर आयेगा।

आज के समय में यह कहना बड़ा मुश्किल है कि हम ईमानदार हैं और दूसरा ईमानदारी से काम नहीं कर रहा है। कौन सी परिस्थितियां ऐसी हैं जो इस कानून को लागू करने में बाधा उत्पन्न कर रही हैं और इसलिए जो डिसक्रिमिनेशन हो रहा है, जो मनुय और मनुय के बीच में विभेद हो रहा है, यह मानसिकता का परिचायक है। जब तक हम अपने सोच-विचार करने की पद्धति से इसे नहीं निकालते, तब तक हम होकर भारत नहीं बन सकता। हम सबकी कोशिश है कि हम भारत के लोग किसी तरह से, आगे की जो बातें कही गई हैं, वह हम जानते हैं - हम भारत के लोग भारत को एक संपूर्ण प्रभुता संपन्न गणराज्य, पूरी तरह से ताकतवर राट्र बनाना चाहते हैं और किसी भी तरह से इसे कमज़ोर नहीं होने देना चाहते हैं। फिर हमने विशेाता बताई समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा इसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, जिसमें विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म, उपासना की स्वतंत्रता हो - न्याय, स्वतंत्रता, समता, बंधुता, ये हमारे लोकतंत्रात्मक गणराज्य का आधार हैं और इनमें से कोई भी बात कम नहीं होनी चाहिए। जब कम होती है तो इसका मतलब है कि जिसे जो दायित्व दिया गया है, उसका निर्वहन करने में कहीं कोताही बरती जा रही है। आज यह सारी बहस कोताही न बरतने के लिए है कि कहीं कोताही न बरती जाए, कोई ऐसा पक्ष न रह जाए जिसके कारण हमने जो संकल्प लिया है कि हम भारत के लोग भारत को संपूर्ण प्रभुता संपन्न गणराज्य बनाना चाहते हैं, इसमें कमी न रह जाए, इस बहस का सार यही है।

झज्जर की घटना हुई। कहां भूल हुई, कहां चूक हुई, किसने क्या किया, क्यों किया इसकी जांच के निर्का आने वाले हैं। जब जांच के निर्का आएंगे तो जिसे सज़ा मिलनी है वह मिलेगी। मगर इसके कारण जो वातावरण प्रदूति हो गया है, उसे सुधारने में कितना समय लगेगा? इसलिए कोई भी घटना जब होती है तो उसके परिणाम लंबे समय तक समाज को प्रभावित करते हैं। चूँकि एट्रोसिटीज़ की घटना के परिणाम समय-समय पर जब वे घटती हैं तो दिखाई देते हैं। जैसे बताया गया कि कहीं घोड़ी पर नहीं चढ़ सकते, कहीं बाजे और ढोल-धमाके नहीं कर सकते, खुशी का इज़हार नहीं कर सकते, फिर यह स्वतंत्रता कैसी है? उसको समाप्त करने के लिए कानून में प्रावधान किये गये हैं। कानून को लागू करने की जिम्मेदारी जिनको दी गई है तो कानून का प्रभाव ज़रूर होगा और उसके प्रभाव से हम सामाजिक सुरक्षा, जिसके लिए हमने यह कवच बनाया है, उसे हम सुरक्षित बना सकते हैं। मेरे पास सारे आंकड़े हैं कि कहां कितने अपराध हुए हैं, किन प्रदेशों में अपराध ज्यादा

होते हैं, जहां अपराध ज्यादा होते हैं वहां कितने दर्ज किये गये प्रकरण हैं, उन पर क्या कार्रवाई हुई और कितने लोग उसकी जांच के बाद बाहर निकल गए हैं, कितनों को सज़ा हुई और सज़ा के बाद क्या उसका परिणाम निकलकर आया - ये सारे आंकड़े हर सरकार के पास होते हैं। आंकड़े हरेक के पास होते हैं परंतु उन आंकड़ों को लेकर हम क्या करें? बात यह है कि इन सारी बातों से हमें समाज को शिक्षित करना होगा कि हम एक देश हैं। समाज को शिक्षित करना होगा कि हममें किसी तरह का अंतर नहीं है। इसको लेकर कौन लोग आगे आने वाले हैं? निश्चित रूप से यह दायित्व हम सबका होता है संसद में होने के नाते।

श्री राम विलास पासवान : ये सारी बातें जो मंत्री जी कह रहे हैं, सब लोगों ने कहीं कि सत्य बोलो, असत्य मत बोलो, चोरी मत करो, बड़ों की आज्ञा मानो, इसमें किसी को क्या आपत्ति हो सकती है? सबसे बड़ी बात यह है कि शासन का काम सिर्फ उपदेश देना नहीं होता है। शासन के हाथ में डंडा भी है। फांसी की सज़ा क्यों रखी गई है, जेल की सज़ा क्यों रखी गई है? आपके सामने कुछ मुद्दे और घटनाएं रखी गई हैं जिनका जवाब होम मिनिस्टर ने उस दिन देने का काम किया था। उसमें हम लोगों का कहना है कि आप एक-एक करके घटना लीजिए। चाहे तलहन की घटना लीजिए, वहां कांग्रेस की सरकार है। वहां क्या किया? झज्जर में पांच आदमियों की हत्या हुई। क्या एक आदमी भी आज जेल में है?

उपाध्यक्ष जी, एक मंदिर के टूटने पर यहां हंगामा हो जाता है। यहां गुरू रविदास का मंदिर तोड़ा गया। एक-एक कर के यदि कुछ चीजों को ले लें, तो मैं समझता हूं कि उसमें से कुछ कांक्रीट स्टैप उठाने की बात निकल सकती है, अन्यथा तो हम यहां खाली उपदेश देते रहेंगे और कहते रहेंगे कि देश में सैकुलरिज्म है, सोश्यल जस्टिस है और बंधुता है। आज कहां बंधुता है, कहां सोश्यल जस्टिस है ? यही तो रोना है कि न बंधुता है, न सोश्यल जस्टिस है और न समानता है। यहां तो असमानता, नफरत और यही सारी की सारी चीजें चल रही हैं। उनके शिकार दलित और आदिवासी हो रहे हैं। यदि इस पर कुछ कांक्रीट बात कहें, तो कुछ हो सकता है, यदि कुछ नहीं कहना चाहते हैं, तो कल डिप्टी प्राइम मिनिस्टर साहब जवाब देंगे, हम उनको सुन लेंगे। आपका चूंकि वैलफेयर डिपार्टमेंट है, इसलिए हम आपसे चाहते थे कि आप उनकी वैलफेयर से संबंधित कोई बात कहें। हमें मालूम है कि डंडा चलाने का काम आपका नहीं है। डंडा चलाने का काम तो होम मिनिस्ट्री का है। कल होम मिनिस्टर और डिप्टी प्राइम मिनिस्टर जवाब देंगे, उनसे हम डंडा चलाने के बारे में बात करेंगे, लेकिन चूंकि वैलफेयर मिनिस्ट्री आपके अधीन है, वह नोडल मिनिस्ट्री है, वह क्या कर रही है, यदि इस बारे में आप कुछ बता सकें, तो ठीक रहेगा। इनके कल्याण के लिए कितनी धनराशि दी जाती है, कितना खर्च होता आदि के बारे में जानकारी दें। यही मैं कह रहा हूं।

डॉ. सत्यनारायण जटिया : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपको बताना चाहता हूं कि इसका कारण क्या है। राम विलास पासवान जी, आप भी मंत्री रहे हैं, आपको मालूम है कि बहस में क्या होता है। यही सारी बातें होती हैं। सबको इस बात का अनुभव है कि बहस में क्या होता है। यही सारी बातें कही जाती हैं। जब हम बात करते हैं, तो हमें किसी को सुनना भी चाहिए। हम जो कुछ बोल रहे हैं उनके कल्याण के बारे में हम क्या कर रहे हैं, यही सारी बातें बता रहे हैं।

महोदय, यदि अनुसूचित जाति की योजनाओं के बारे में पूछें, तो मैं बता सकता हूं। हमने मैट्रिकोत्तर छात्रों के लिए छात्रवृत्ति का प्रबन्ध किया है। इसके लिए अनेक योजनाएं हैं। अनुसूचित जाति के छात्र और छात्राओं के लिए हमने आवासीय सुविधाएं प्रदान की हैं। अस्वच्छ कार्यों में लगे इन जातियों के बच्चों की शिक्षा के लिए हम स्वैच्छिक संगठनों को सहायता प्रदान करते हैं। डॉ. भीमराव अम्बेडकर योजना के अन्तर्गत एक स्कॉलरशिप की योजना बनाई है जिसके अन्तर्गत मैट्रिक में प्रथम आने वाले छात्र को एकमुश्त 60 हजार रुपए, दूसके स्थान पर आने वाले छात्र को 50 हजार रुपए और तीसरे स्थान पर आने वाले छात्र को 40 हजार रुपए देने का काम किया गया है। प्रदेश की जनसंख्या के अनुपात के अनुसार छोटी-छोटी आबादियों में छात्रों को 10 हजार रुपए की छात्रवृत्ति देने का काम हमने किया है। छात्रवृत्ति की नई योजनाओं को लागू करने का काम हमने किया है।

उपाध्यक्ष महोदय, अनुसूचित जाति के लोगों के बच्चों को पब्लिक स्कूलों में एंट्रेंस हेतु जो तैयारी करनी होती है, उसका खर्च उठाने का निर्णय सरकार ने लिया है। इस हेतु जितना भी पैसा खर्च होगा, वह केन्द्र सरकार देगी। इस प्रकार की योजना हमने बना ली है। जिले में मॉडल स्कूल और पब्लिक स्कूलों में प्रवेश के लिए उन्हें हर प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए हमने योजना बनाई है। हमने छात्रावास और आवासीय स्कूल बनाने की योजना बनाई है। हम डॉ. अम्बेडकर छात्रवृत्ति योजना को लागू करने का काम कर रहे हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, हमने अनुसूचित जातियों के लिए माइक्रो ऋण देने की योजना बनाई है जिसके अन्तर्गत हम पांच प्रतिशत ब्याज दर पर 25 हजार रुपए तक के कर्ज देंगे। हमें मालूम है कि उन्हें बड़े कर्ज की आवश्यकता नहीं है। उन्हें छोटी-छोटे ऋण, अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए चाहिए। इसलिए हमने यह तय किया है कि उन्हें 10, 20, 25 हजार रुपए तक के ऋण न्यूनतम ब्याज पर दिए जाएं। â€¦ (व्यवधान)

कुंवर अखिलेश सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से माननीय मंत्री महोदय का ध्यान इंदिरा आवास योजना की तरफ आकर्ति करना चाहता हूं और कहना चाहता हूं कि इसके अन्तर्गत आप अनुसूचित जाति के लोगों को 20 हजार रुपए मकान बनाने के लिए दे रहे हैं। आप जानते हैं कि 20 हजार रुपए में आजकल मकान नहीं बनता है। इस प्रकार आप उन्हें मकान नहीं कब्रगाह दे रहे हैं। आप मुझे बताइए 20 हजार रुपए में आज के समय में कौनसा मकान मिलेगा ?

उपाध्यक्ष महोदय : अखिलेश सिंह जी, यह विाय इनसे संबंधित नहीं है।

डॉ. सत्यनारायण जटिया : उपाध्यक्ष महोदय, आपने ठीक कहा - यह विाय मेरे मंत्रालय के अन्तर्गत नहीं आता है। आप जो बात कह रहे हैं कि कमजोर वर्ग के लिए कमजोर मकान क्यों बनाए जा रहे हैं, यह बात ठीक हो सकती है, लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि इस योजना के अन्तर्गत दिए जा रहे धन को मैं अकेला नहीं बढ़ा सकता। इसे आप बढ़ा सकते हैं, यह संसद बढ़ा सकती है, हम सब मिलकर बढ़ा सकते हैं। मुझे कोई आपत्ति नहीं है। आप यदि इस योजना के अन्तर्गत वितरित किए जाने वाले धन को बढ़ाना चाहते हैं, तो बढ़ा सकते हैं। â€¦ (व्यवधान)

कुंवर अखिलेश सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, इंदिरा आवास योजना के अन्तर्गत दलितों को मकान बनाने के लिए दी जाने वाली धनराशि जिसे सहायता के रूप में उन्हें दिया जाता है, उसे 20 हजार रुपए से बढ़ाकर कम से कम 50 हजार रुपए किया जाना चाहिए।

डॉ. सत्यनारायण जटिया : उपाध्यक्ष महोदय, यदि इस योजना के अन्तर्गत धन बढ़ता है, तो मुझे प्रसन्नता होगी, लेकिन जैसा मैंने कहा, इसे मैं नहीं बढ़ा सकता, यह सदन ही बढ़ा सकता है। ऐसा प्रस्ताव आप ला सकते हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, जैसा मैंने बताया, यदि प्रारम्भ से ही मनुय को शिक्षा दी जाए, तो निश्चित रूप से उसका विकास हो सकता है। यदि उसके लिए शिक्षा की अच्छी व्य वस्था की जाए, तो वह समझ सकता है कि वह इस देश का, हिन्दुस्तान का नागरिक है और देश का नागरिक होने के नाते उसके क्या अधिकार हैं, क्या कर्तव्य हैं। इसी चीज को उसे समझाने के लिए हमने अनेक प्रकार की योजनाओं को लागू करने का काम किया है। जैसा मैंने कहा कि आर्थिक क्षेत्र में भी हम उसे छोटे-छोटे ऋण देकर, उसकी सहायता करने, उसकी मदद करने का काम कर रहे हैं जिससे वह अपना स्तर ऊंचा उटा सके। इसी प्रकार से सफाई कर्मचारियों के प्रति सभी की चिन्ता यहां प्रकट हुई। हम भी उसके उत्थान के लिए चिन्तित हैं। हम देख रहे हैं कि उसका कैसे विकास हो और उसके विकास और उन्नति के लिए भी हमने अनेक प्रकार की योजनाएं बनाई हैं जिससे उसके जीवन में परिवर्तन आ सके। इस प्रकार की बहुत सारी उपबल्धियां किस प्रकार से हो सकेंगी, उन सब पर हम गम्भीर रूप से विचार कर रहे हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, आपको विदित ही है अभी हम सबने तीन ओ.एम.के बारे में मिलकर संविधान संशोधन किया और चौथे ओ.एम. के बारे में प्रयास चल रहा है। यह

वैकेंसी बेस्ड रोस्टर बनाने के बारे में है कि किस तरह से भर्ती में, वैकेंसी में उनके स्थान का आरक्षण हो। इस प्रकार की सारी बातों से आपको मालूम पड़ेगा कि उनके कल्याण और उत्थान के लिए हम बराबर कोशिश कर रहे हैं। पांचवें ओ.एम. में समयावधि बढ़ाने का मामला है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में एक पिटीशन ि वचाराधीन होने के कारण, उस पर सारा विचार-विमर्श लम्बित किया हुआ है। इन सब बातों की दृटि से जो भी इनसे संबंधित बातें हैं, वे सारी कोशिश हम कर रहे हैं।

श्री राम विलास पासवान : उपाध्यक्ष महोदय, मैं एक बहुत महत्वपूर्ण बात की ओर माननीय मंत्री जी का ध्यान आकर्ति करना चाहता हूं। मंत्री जी यहां बैठे हुए हैं।

उपाधायक्ष महोदय, आप यहां बैठे हैं, हमें कुछ कहना नहीं चाहिए, लेकिन यह बहुत महत्वपूर्ण है इसलिए हम कुछ कहना चाहते हैं। आज तक लक्ष्यद्वीप में एसटी के जो लोग थे, उनके लिए नियम बना हुआ था कि एसटी का कहीं भी आफिसर गया और वहां उसका बच्चा पैदा हो गया - चाहे लड़का हो या लड़की हो, वे सब एसटी का माना जाता था। अब वहां यह हो गया है कि बच्चा लक्ष्यद्वीप में ही पैदा होना चाहिए, तभी वह एसटी का माना जाएगा। ये सब चीजें आपके डिपार्टमेंट में है। यदि एनोमलि है, उसे मान लेते हैं कि आप खत्म कर सकते हैं। यदि आपको जानकारी नहीं है तो मैं दे सकता हूं।â€¦ (व्यवधान)

डॉ. सत्यनारायण जटिया : मुझे सारी जानकारी है। आप जिस प्रकार की बात कर रहे हैं, अनुसूचित जाति, जनजाति में, पहले तो कोई पद्धति नहीं थी, 1998 के बाद, हमने उसमें से कुछ 95 के लगभग संशोधन लाकर नये जोड़ने का काम किया। अब राज्य सरकारों का दायित्व यह है, उनके यहां आनुवांशिक दृटि से जो अध्ययन होता है, उस आधार पर कौन सी जाति अनुसूचित जाति एवं जनजाति की है, यह

वहां से प्रस्ताव आने के बाद रजिस्ट्रार जनरल सेंसस है, वह उस पर विचार-विमर्श करते हैं।â€¦ (व्यवधान) उस सारी प्रक्रिया में जाना होगा, क्योंकि कोई नियम तो बनाया हुआ है। यदि हम नियम बनाते हैं तो उस नियम, प्रक्रिया से गुजर कर ही किसी परिणाम पर जा सकते हैं। हमें किसी निर्का पर जाने के लिए कोई विधि बनानी होगी, इसलिए किसी को यह स्वतंत्रता नहीं है। आप कह रहे हैं कि यदि कोई अनुसूचित जाति या जनजाति दिल्ली में है, जो राजस्थान और हरियाणा में है, वह दिल्ली में क्यों नहीं है।â€¦ (व्यवधान)

श्री राम विलास पासवान : महोदय, मेरा इतना ही कहना है, जैसे मान लेते हैं आप और हम हैं, हम दिल्ली में रहते हैं और जब हम दिल्ली में रहते हैं तो यदि दिल्ली में आपका लड़का या लड़की है या हमारा लड़का या लड़की है और वे एसटी के हैं, दिल्ली सरकार के लिए हो सकता है कि हम एसटी में, स्टेट गवर्नमेंट में नहीं माने जाएंगे, लेकिन हम जिस स्टेट के हैं, उस स्टेट के सर्टिफिकेट के बावजूद वह लड़का या लड़की उस स्टेट में एससी का माना जाएगा और सेंट्रल गवर्नमेंट के लिए एससी माना जाएगा।â€¦ (व्यवधान) लक्ष्यद्वीप में यह नहीं हो रहा है, वहां नया कानून बना दिया गया है। यदि कोई आदमी सर्विस में है, कोई आफिसर या कर्मचारी है और वह दिल्ली में आकर सर्विस करता है, दिल्ली में अगर उसका बच्चा पैदा होगा तो उसे न स्टेट में एससी माना जाएगा और न वहां एसटी माना जाएगा तथा न यहां माना जाएगा। पहले यह नहीं था, अब शुरू हुआ है, यह मैं कहना चाहता हूं।â€¦ (व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : मैं आपको बताता हूं, ऐसा है कि भारत में कोई भी एससी या एसटी का कहीं भी पैदा हो जाए तो वह अपने स्टेट का, यूनियन टेरेटरी का एससी, एसटी माना जाता है। लक्ष्यद्वीप में भी 1996 तक उसी तरह माना जाता था, ऐसा उनके आफिसर्स का इंटरप्रटेशन है। संकुचित नीति से हुआ, इस वजह से ऐसा इंटरप्रटेशन है कि वहां से बाहर कहीं भी बच्चा पैदा होता है तो वह एसटी नहीं माना जाता है। वह एक ही एक्सेप्शन है।

डॉ. सत्यनारायण जटिया : मैं यह समझ रहा हूं, जैसे आप एसटी के बारे में बता रहे हैं कि दिल्ली में भी लोग आकर बस गए और जिस बच्चे का जन्म यहां हो गया है, परन्तु जिस प्रदेश में वह अनुसूचित जाति में है, उस बच्चे का जन्म यहां होने के कारण ही उस प्रदेश में वह अनुसूचित जाति का माना जाता है।â€¦ (व्यवधान) प्रशासनिक दृटि से कहीं-कहीं ये व्यवधान सामने आ रहे हैं, हम यह अनुभव कर रहे हैं। आपने बताया कि यदि ये एसटी के अंतर्गत है, निश्चित रूप से इस बात को देखने के लिए अब एसटी कमीशन भी बन गया है।â€¦ (व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : एसटी कमीशन और लक्ष्यद्वीप एडमिनिस्ट्रेशन, सारी पार्टियों के सब लोग, निश्चित रूप से गृह मंत्रालय में, संबंधित मिनिस्ट्री में हैं।

डॉ. सत्यनारायण जटिया : जी हां, आप ठीक कह रहे हैं। इस विसंगति को कैसे दूर किया जाए, उसके उपाय के बारे में जो विचार-विमर्श हुआ है निश्चित रूप से वह हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण है। जैसे आपने बताया, हमारी भी एक बार चर्चा हुई थी और वहां यह विाय आया, यह मेरी जानकारी में है। इस दृटि से अनुसूचित जाति एवं जनजाति के नये समावेश के बारे में आपकी जो चिन्ता है और जो विसंगति सामने आई है, उसके बारे में किस प्रकार के उपाय करने चाहिए, इस बहस का जवाब कल उप प्रधानमंत्री जी देंगे।

जिसमें कि हमने शैक्षिक विकास के माध्यम से, आर्थिक विकास के माध्यम से उनके जीवन में कुछ परिवर्तन लाने का, उनके उन्नयन का कुछ काम करने का जो हम उपाय कर रहे हैं, वह सामने लाने के लिए ही मैं बीच में खड़ा हुआ हूं। मेरा मकसद केवल यह है कि हमने जो कानून बनाये हैं, उन कानूनों को लागू करने का काम राज्य सरकारों के भी दायित्व का एक भाग है और यदि राज्य सरकार, जो कानून बनाये गये हैं, उनका पालने करने के लिए यदि मुस्तैदी से काम करती हैं तो जरूर इन सारी बातों को दूर करने में, इस सारी बातों में मदद करने में मदद हो सकेगी।

निश्चित रूप से जो प्रश्न यहां उठाये गये हैं, मैं पूरे समय बैठकर उनको यहां सुनता रहा हूं। बहुत सारी बातें तो मेरे अनुभव में इसलिए भी आई हैं कि मैंने वे सारे हालात देखे हैं, जिन हालात के बारे में वे चर्चा कर रहे हैं, उसके कारण से मेरा भी ज्ञान बढ़ा है और इसमें से अनुभव प्राप्त करके हमारे मित्रों की सहाल और परामर्श से हम इसमें कुछ और जो समता और समानता के लिए काम कर सकते होंगे तो जरूर करेंगे।

मेरा पूरा विश्वास है कि मनुय और मनुय में भेद न करने के लिए जो-जो भी उपाय कर सकते हैं, वे सब हमें करने चाहिए। मानव-मानव में भेद नहीं, कर्म धर्म महान है, सामाजिक समता मनुय का जन्मसिद्ध अधिकार है। इस सारे अधिकार में से किसी को कमी करने के लिए कोई मौका नहीं होना चाहिए, सदन की यह भावना है और मेरी भी यह भावना है।

उपाध्यक्ष महोदय : आखिर में एक क्लैरीफिकेशन है।

श्री रामदास आठवले : जो कास्ट सर्टिफिकेट का मामला है, किसी एस.सी. एस.टी. या ओ.बी.सी. के स्टूडेंट को 50 साल पहले का कास्ट सर्टिफिकेट लाना पड़ता है तो 50 साल पहले की कोई आवश्यकता नहीं है और जो एकाध सर्टिफिकेट के बारे में ऑब्जैक्शन होगा तो उसके बाप का ला सकता है तो ठीक है। लेकिन जो एस.सी. एस.टी. में क्लियर जातियां हैं, ऐसे लोगों को भी 50 साल का सर्टिफिकेट लाना पड़ता है तो इसके लिए उसमें थोड़ा सा चेंज होने की आवश्यकता है। इसमें सभी लोगों की बहुत कम्प्लेंट है। यदि वह 50 साल पहले का सर्टिफिकेट नहीं लाता है तो कास्ट सर्टिफिकेट नहीं मिलता है। इसके लिए थोड़ा उसमें सुधार करने की आवश्यकता है तो बताइये।

डॉ. सत्यनारायण जटिया : पासवान जी, मैं जो बात कह रहा था, वह अभी रामदास जी ने कही। यह अनुभव में आ रहा है कि राज्यों में जिस भावना से हमने अनुसूचित जाति को आरक्षण देने के बारे में या उनको सुविधा देने को बात कही है, इसको दूर करने की दृटि से राज्य सरकारों से सम्पर्क करके और यदि आवश्यक

हुआ तो आपने जो बात कहीâ€¦ (व्यवधान)

श्री राम विलास पासवान : उसमें यदि आप कर सकें तो आप एक कानून बना दें कि एक एस.सी. या एस.टी. का आदमी यदि एक स्टेट में एस.सी. एस.टी. में है तो वह देश के किसी भी कोने में जाये तो उसे एस.सी. एस.टी. समझा जाये, यदि आप ऐसा कर सकें तो इसी से सारी समस्या का निदान हो जायेगा।

MR. DEPUTY-SPEAKER: I think it is a very relevant suggestion.

SHRI RAM VILAS PASWAN : Sir, will the hon. Minister consider it?

डॉ. सत्यनारायण जटिया : यह जो विचार-विमर्श आया है, इसे कैसे कानूनी प्रक्रिया में किया जाना चाहिए, इस बात को करने के लिए आपने जो प्रस्ताव दिया है, उस पर जरूर विचार किया जायेगा।

श्री राम विलास पासवान : मैं लास्ट में एक बात कहना चाहता हूं, हालांकि कहनी नहीं चाहिए। लेकिन मैं आपसे आग्रह करूंगा कि अगली बार से जब भी इस तरह का हम अट्रेंडम निर्णय लें, जैसे आज सब को मालूम था कि 6.30 बजे तक हाउस चलेगा, 6.30 बजे के बाद नहीं चलेगा। सारे के सारे वॉच एण्ड वार्ड से लेकर यहां महिलाएं भी आती हैं, कर्मचारी हैं, सब लोग हैं, सब भूखे प्यासे दिन के नौ बजे से यहां हैं, चूंकि 10 बजे दिन से यह कार्यक्रम था और रात के एक बजे तक है। किसी को मालूम नहीं रहता है इसलिए या तो पहले से मालूम हो जाये और यदि अट्रेंडम इस तरह का निर्णय हो तो सैक्रेट्रिएट को सवेरे ही कोई ऐसी व्यवस्था कर देनी चाहिए, जिससे परेशानी नहीं हो।

असल में यह मोशन मेरा था, मैं बोल रहा था, लेकिन हमें कहीं न कहीं लग रहा था कि हम कलप्रिट हैं कि हमारे कारण से कर्मचारियों को भी तकलीफ हो रही है, वॉच एण्ड वार्ड को भी हो रही है, महिलाओं को घर जाने के लिए अब बस कहीं नहीं मिलेगी या जो कर्मचारी हैं, वे भूखे प्यासे रह रहे हैं तो कोई न कोई व्यवस्था भि वय में करेंगे, ऐसा मेरा निवेदन है।

उपाध्यक्ष महोदय : मैं आपको याद दिला दूं कि एक बार मेरे ख्याल से जब मैं आर्डिनरी पैनल मैम्बर था तो इसी तरह का एक मौका आया था तो मैंने यहीं से बैठकर एक ऐसी रूलिंग दी थी कि नौ बजे के बाद जब कभी हम बैठते हैं तो निश्चित रूप से खाने का और आने-जाने का बन्दोबस्त होना चाहिए। मैंने यह रूलिंग दी थी और उसे लगातार फॉलो भी किया था, लेकिन मुझे मालूम नहीं, आज क्या हो गया, नहीं तो पार्लियामेंटरी अफेयर्स मिनिस्ट्री यह व्यवस्था करती है।

श्रीमती भावनाबेन देवराजभाई चीखलीया : इसमें तय यह हुआ था कि दो घण्टे की चर्चा है और बाद में समय बढ़ा दिया गया, पहले 6.30 बजे तक था, उसके बाद बढ़ाया गया। उसके बाद व्यवस्था करने में आपत्ति थी।

श्रीमती रीना चौधरी : आगे से ऐसा न हो, इसकी चिन्ता करेंगी?

उपाध्यक्ष महोदय : 30 ऑनरेबिल मैम्बर्स का इसमें पार्टीसिपेशन हुआ है। मेरी भी 2-3 सिक्योरिटी कमेटी की मीटिंग थीं, फिर 2-3 और मीटिंग थीं।

इसलिए मैं भी आ नहीं सका। आप पहले से ही देखते कि अगर इतने मैम्बर्स इसमें पार्टीसिपेट करेंगे तो नौ बज ही जायेंगे। In future, let us have it. खासकर सब लोग भूखे हैं। यहां लेडीज भी हैं और उनको घर जाने में प्रौब्लम होगी। जब मैं पैनल मैम्बर था तब मैंने इस संबंध में रूलिंग दी थी। आने वाले वक्त में इसका प्रोि वजन होना चाहिए।

श्री राम विलास पासवान : मैं आपके ध्यान में इसलिए यह बात लेकर आया हूं। मैंने पहले ही कहा था कि आप बाकी की डिसकशन कल कराइये। इसके पीछे मेरी यही मंशा थी, लेकिन अच्छा हुआ कि यह डिसकशन आज ही हो गयी।

उपाध्यक्ष महोदय : यह अच्छा हुआ कि यह डिसकशन आज ही पूरी हो गयी। इस बहस के दौरान मंत्री जी समेत 30 लोगों ने हिस्सा लिया। यह बहस बहुत अच्छी तरह से हुई है। आज का सब्जैक्ट "Atrocities on *Dalits*" था। All the matters relating to the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes have been discussed in detail. There has also been a live telecast. The list of Members who wanted to participate in the debate has already been exhausted.

श्री राम नाईक : उपाध्यक्ष महोदय, यह चर्चा तो हो गयी लेकिन इस चर्चा की एक और विशेाता यह है कि इस सत्र में यह पहला अवसर है जब आज चर्चा समाप्त होती है और आज ही सदन 11 बजे शुरू होगा। It will not be adjourned for tomorrow. It will be adjourned for today.

उपाध्यक्ष महोदय : इसके लिए मैं आपको बधाई देता हूं। इस सब्जैक्ट को हम बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में बार-बार पोस्टपोंड करते रहे हैं लेकिन आखिर हमें मौका मिल ही गया। "देर आयद दुरस्त

आयद।" यह बहस अच्छी तरह से कम्पलीट हो गयी।

श्री रामदास आठवले : उपाध्यक्ष महोदय, मीडिया में यह आना चाहिए कि यह बहस रात साढ़े बारह बजे तक चली। जब भी डिसकशन लेट होती है तब कभी भी पेपर में इस बारे में कुछ नहीं आता। आप इस बारे में मीडिया को भी आदेश दीजिए।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS (SHRI HARIN PATHAK): It will be replied today. ...(*Interruptions*) The House will meet today.

उपाध्यक्ष महोदय : डिप्टी प्राइम मिनिस्टर का रिप्लाई होगा। सभा की कार्यवाही कल पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

00.42 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven

Of the Clock on Friday, August 22, 2003/

Sravana 31, 1925 (Saka).